   (ब) 300 रु० की रकम खाते मे 30 रु० ही खता दी गई।
   (स) मजदूरी के 200 रु० रोकड़ में लिख दिये गये पर मजदूरी खाते में लिखने से रह गये।
   (द) 200 रु० की विक्री ग्राहक के नाम दो वार लिख दी गई।
   (य) विक्री वही का जोड़ 50 रु० अधिक लग गया।

3. हिसाब की अशुद्धियां के अतिरिक्त तलपट की अशुद्धियां भी रह सकती हैं जिनसे तलपट मेल नहीं खायेगा जैसे:—
   (अ) तलपट मे किसी खाते की बाकी भूल मे न लिखी गई हो।
   (ब) तलपट मे कोई रकम ही गलत लिख दी गई हो।
   (स) तलपट मे कोई रकम गलत खाते मे लिख दी गई हो।
   (द) तलपट का जोड़ गलत लगाया गया हो।

Example 83. A book-keeper on taking out a trial balance as on 31st December 1956 found that it did not agree. He proceeded to check the entries in the books and discovered the following errors:—

1. Cash received from Balram Rs 50 credited in his account as Rs [illegible]
2. Purchase of Stationery Rs. 20 debited to Purchases A/c.

3. Goods returned to the firm by B. Rs. 200 has been omitted to be recorded in the books.
4. The total of Sales Book is undercast by Rs. 15.
5. Depreciation on furniture Rs. 20 has not been posted to Depreciation A/c.

Which of the errors caused the totals of the trial balance to disagree and by how much did the totals differ ?

उदाहरण 83.

31 दिसम्बर 1955 को एक मुनीम ने मालूम किया कि उसका तलपट नही मिलता है। उसने बहियो की जाच की और निम्न त्रुटियां उसे मिली:—

1. बलराम से 50 रु० प्राप्त हुए पर उसके खाते में क्रेडिट की ओर केवल 5 रु० दिखाये गये।
2. स्टेशनरी की 20 रु० की खरीद क्रय खाते मे डेबिट कर दी गई।
3. 'ब' द्वारा 200 रु० का लौटाया हुआ माल पुस्तको मे नही लिखा गया।
4. विक्रय पुस्तक का जोड 15 रु० कम था।
5. फर्नीचर पर 20 रु० का ह्रास, ह्रास खाते मे नही लिखा गया।

किन त्रुटियों के कारण तलपट नही मिला और उसके जोड़ में कितना अन्तर है ?

Solution:—

The effect of these errors on the trial balance will be as follows:—

1. Balram's account has peen under-credited by Rs. 45, and therefore the credit side of the trial balance would be short by Rs 45.
2. This will not effect the trial balance as the amount has been posted to the right side though of a wrong account.
3. This will also not effect the trial balance as the entry has been omitted completely.
4. Sales account has been under-credited by Rs. 15, therefore the credit side of the trial balance would be short by Rs. 15.
5. The amount has not been posted to the debit side of Depreciation A/c and so the debit side of the trial balance would be short by Rs. 20.

As a result of all these errors the debit column of the trial balance would exceed the credit column by Rs. 40.

अशुद्धियों का अन्तिम खातों पर प्रभाव

(Effect of errors on Final Accounts)

कुछ अशुद्धियां हानि लाभ खाते मे कच्चे लाभ या खरे लाभ को कम कर देती हैं या अधिक करती है। पर किसी-किसी अशुद्धि का हानि-लाभ खाते पर कोई प्रभाव ही नही होता। कुछ अशुद्धियां चिट्ठे पर अपना प्रभाव डालती है और ऋण को या सम्पत्ति को कम कर देती है या अधिक। यह आवश्यक नही है कि एक अशुद्धि हानि-लाभ खाते और चिट्ठे दोनो को प्रभावित करे। कुछ अशुद्धियां केवल हानि-लाभ खाते को, कुछ केवल चिट्ठे को और कुछ दोनों को प्रभावित करती हैं। इनका प्रभाव ठीक उसी प्रकार पड़ता है, जैसा प्रभाव समायोजन प्रविष्टियां न करने के कारण अन्तिम खातों पर पड़ता है। अध्याय 9 में इसका पूर्णतया वर्णन किया जा चुका है।

Example 84. A traders' book-keeper has tallied his trial balance and drafted the final accounts. But the following errors are subsequently discovered State the effect of these errors on final accounts:–

1. The Sales Returns Book was overcast by Rs 500.
2. Discount allowed Rs. 40 had been credited to Discount A/c.
3. Rs. 100 for Rent paid posted as Rs. 10.

4. A cheque for Rs. 200 received from Smith was dishonoured … Allowances A/c.
5. Rs. 100 received from Jones posted to the credit of Sales A/c.
6. A total in the Sales Book was carried forward as Rs. 898, instead o…

उदाहरण 84.

एक मुनीम ने तलपट का जोड़ मिलाकर अन्तिम खाते बना लिये। बाद में निम्न त्रुटियां … त्रुटियों का अन्तिम खातो पर क्या प्रभाव होगा:—

1. विक्रय वापसी पुस्तक का जोड़ 500 रु० अधिक था।
2. 40 रु० का दिया गया बट्टा बट्टे खाते में क्रेडिट कर दिया गया।
3. 100 रु० चुकाया हुआ किराया 10 रु० लिख दिया गया।
4. 200 रु० का चैक जो स्मिथ से प्राप्त हुआ था अप्रतिष्ठित हो गया और भत्ता खाते में दिया गया।
5. जोन्स से प्राप्त 100 रु० विक्रय खाते की क्रेडिट की ओर लिख दिये गये।
6. विक्रय पुस्तक का जोड़ 989 रु० के बजाय 898 रु० आगे ले जाया गया।

Solution:-

Statement Showing the Effect of these errors on Final Account

Errors	Trading and Profit & Loss A/c		Balance Sheet	
1.	Gross Profit and Net Profit under-stated by	Rs. 500	1. Capital understated by	Rs.
2.	Net Profit overstated by	Rs. 80	2. Cpital overstated by	Rs.
3.	Net Profit overstated by	Rs. 90	3. Capital overstated by	Rs
4.	Net Profit understated by	Rs. 200	4. Capital and assets under-stated by	Rs. 20.
5.	Gross Profit and Net Profit overstated by	Rs. 100	5. Capital and Debtors overstated by	Rs 100
6.	Gross Profit and Net Profit understated by	Rs. 91	6. Capital understated by	Rs. 91

The combined effect of all these errors is that the Net Profit and Capital are underst… by Rs. 521. The debtors are overstated by Rs. 100.

अशुद्धियों का सुधार (Rectification of errors):—अशुद्धियो का प्रभाव नफा-नुकसान खाते और चिट्ठे पर भिन्न भिन्न प्रकार से पड़ता है इसलिए यह आवश्यक है कि अन्तिम खाते तैयार करने से पूर्व अशुद्धियां … जहां तक सम्भव हो सके सुधार कर लेना चाहिये। अन्तिम खाते तैयार करने से पूर्व तलपट का मेल बैठाना आवश्यक है। यदि तलपट का मेल नही बैठता है तो यह अशुद्धियो का द्योतक है और ऐसी स्थिति में अशुद्धियां को जहां तक सम्भव हो खोज कर सुधार कर लेना चाहिए। यदि अशुद्धियां मालूम हो जावें तो उनका सुधार कर बहियो को बन्द करना चाहिये।

यदि बहियो के बन्द होने से पहले काफी खोज कर लेने पर भी तलपट नहीं मिलता तो तलपट का अन्तर एक नये 'भूल-चूक खाता या उद्दरत खाता या उचन्ती खाता (Suspense A/c) मे डालकर उसे मिला देना चाहिये। यदि तलपट मे डेबिट की जोड़ क्रेडिट के जोड़ से अधिक है तो इस खाते को क्रेडिट किया … क्रेडिट बैलेंस को तलपट में क्रेडिट के खाने मे लिखने से उस …

इसके विपरीत यदि क्रेडिट के खाने का योग डेबिट के खाने के योग से अधिक है तो इस खाते को डेबिट कर तलपट मिला लिया जायेगा। ध्यान रहे कि इस खाते मे लेखा करते समय केवल एक ही खाते में लेखा होगा–दो खातो में नही। इसलिए यह दोहरेलेखे की पद्धति का एक प्रतिवाद (Exception) है। इस खाते को चिट्ठे मे सम्पत्ति या ऋण के रूप में दिखाया जाता है। आगामी वर्ष में ज्यो ज्यो अशुद्धिया मालूम हो इस खाते में डेबिट या क्रेडिट कर दी जायेगी और जब समस्त अशुद्धिया मालूम हो जायेगी तो यह खाता स्वयं ही बन्द हो जायेगा। यह भूल-चूक खाता उस समय भी खोला जाता है जब किसी लेन देन के बारे मे सन्देह हो और इसलिए उसे सही खाते मे नहीं लिखा जा सकता हो। जैसे, मान लीजिये कि राम 50 रु० दे गया पर रोकडिया उसका नाम भूल गया। ऐसी अवस्था में रोकड के डेबिट मे "To Suspense A/c" लिखकर लेखा कर लिया जायेगा और खाता बही मे इस खाते को खोल लिया जायेगा। फिर जब राम का नाम मालूम हो जायेगा तो इस खाते में से रकम उसके खाते मे लेजाई जायेगी। इस खाते के बैलेंस को चिट्ठे मे दिखाया जाता है।

अशुद्धियो को भी काट कर या मिटा कर नही सुधारना चाहिये अन्यथा हिसाब अविश्वसनीय समझा जायेगा। यदि अंक काटने ही पडे तो अंको को सावधानी से काट कर उसके ऊपर अलहदा शुद्ध अंक लिख कर उस पर किसी जिम्मेदार कर्मचारी के हस्ताक्षर करा लेने चाहिये। अंको को तभी काटना चाहिये जबकि अशुद्धि का पता शीघ्र लग गया हो और अशुद्धि सहायक बहियो तक ही सीमित हो अर्थात् उनकी खतौनी न कर दी गई हो।

अशुद्धियो को जहां तक सम्भव हो प्रविष्टियो द्वारा ही सुधारना चाहिये और निम्नलिखित उपाय काम मे लाने चाहिये :—

(1) यदि अशुद्धि एक ही खाते में है और बहिया बन्द नही की गई है तो उस खाते में ही ठीक तरह प्रविष्टि करके सुधार किया जासकता है जैसे 100 रु० किराया देकर किराये खाते मे केवल 10 रु० ही डेबिट किया गया था, ऐसी स्थिति मे यदि बहिये बन्द नही हुई है तो किराये खाते मे 90 रु० और डेबिट कर अशुद्धि सुधारी जायेगी। यदि प्रविष्टि खाते के गलत साइड में कर दी गई है तो अशुद्धि सुधार के लिये खाने की ठीक तरफ दूनी रकम से प्रविष्टि करनी होगी जैसे 100 रु० किराये के देकर किराये खाते में क्रेडिट कर दिये गये तो अशुद्धि सुधार के लिये किराये खाते के डेबिट मे 200 रु० से प्रविष्टि करनी पडेगी।

(2) यदि बहिया बन्द हो चुकी है तो ऐसी अशुद्धि का सुधार भूल–चूक खाते (Suspense Account) द्वारा नकल बही मे लेखा करके किया जायेगा क्योकि बहियें बन्द करने के लिये 'भूल-चूक खाता' खोला जा चुका है। जैसे 100 रु० किराया देकर किराये खाते मे केवल 10 रु० ही डेबिट किये गये हो तो ऐसी स्थिति मे किराये खाते को 90 रु० से डेबिट कर Suspense A/c को 90 रु० से क्रेडिट किया जायेगा।

(3) दो खातो की अशुद्धिया सर्वदा नकल बही मे दोनो प्रभावित खातो को डेबिट और क्रेडिट करके सुधारी जाती है। ऐसी अशुद्धिया सुधारने से पहले सही और अशुद्ध प्रविष्टियाँ एक रद्दी कागज पर कर लेनी चाहिये और फिर दोनो का मेल बैठा कर सुधार की प्रविष्टि नकल मे करनी चाहिये जैसे मान लीजिये कि 500 रु० का माल राम को उधार बेचा और राम के स्थान पर रमेश के खाते को डेबिट कर दिया गया।

अशुद्ध प्रविष्टि जो कर दी गई		शुद्ध प्रविष्टि जो करनी चाहिये थी—	
Ramesh	Dr.	Ram	Dr
To Sales Account		To Sales Account	

इसमे राम के स्थान पर रमेश का खाता गलती से डेबिट कर दिया गया है इसलिए यदि राम के खाते को डेबिट करदे और रमेश के खाते को, जो गलती से डेबिट हो गया है, क्रेडिट करदे तो अशुद्धि ठीक हो जायगी। अतः इस अशुद्धि को सुधारने के लिए नीचे लिखी प्रविष्टि की आवश्यकता है—

Ram Dr.
To Ramesh

उपरोक्त सुधार प्रविष्टि नकल बही में की जायेगी। ध्यान रहे कि अगर बहियो के बन्द करने के बाद मे भूल सुधार का लेखा किया जाता है तो यही तरीका अपनाना पडेगा।

(4) यदि अशुद्धि भूल (Omission) से अर्थात् किसी सौदे की प्रविष्टि करने से रह गई ह प्रविष्टि ही, जो वहियों में लिखने से रह गई है, कर देनी चाहिये । जैसे 500 रु० का मा. पर लेखा नही किया तो अशुद्धि सुधार का लेखा यह होगा :—

Purchases A/c	Dr.	
To Ram		

(5) तलपट कि अशुद्धियां भी नकल बही द्वारा सुधारी जाती है परन्तु खतौनी करते समय . चूक खाते में ही खताई जाती है अन्य खातों मे नहीं अर्थात् इसकी खतौनी एक ही तरफ होती लीजिये कि अन्तिम खाते वनाते समय देनदारों की जो तालिका बनाई गई उसमें मोहन, जिस रु० मांगते है, नही लिखा गया । जव इस अशुद्धि का ज्ञान अन्तिम खाते वनाने के वाद में होगा निम्न लेखा किया जायेगा :—

Sundry Debtors (Mohan) A/c	Dr.	50	
To Suspense A/c			5

जब इस लेखे की खतौनी की जायेगी तो केवल Suspense A/c ही क्रेडिट किया जा मोहन का खाता डेबिट नहीं किया जायेगा क्योंकि मोहन के खाते में कोई अशुद्धि नहीं है ।

अशुध्दि सुधार के पश्चात् उसका प्रभाव हानि लाभ खाते पर देखना चाहिये । यदि सुधार की प्रविष्टि खाते चिट्ठे में दिखाये जाने वाले हैं या दोनों हानि लाभ खाते में दिखाये जाने वाले है तो सुधार की का लाभ या हानि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।यदि प्रभावित खातो में से एक हानि-लाभ खाते में जाने है और दूसरा चिट्ठे में तो उसका प्रभाव हानि या लाभ पर होगा । यदि हानि-लाभ खाते में जाने वाला डेबिट किया गया है तो लाभ कम होगा और यदि हानि-लाभ खाते में जाने वाला खाता क्रेडिट किया जा तो लाभ बढ़ेगा ।

Example 85. An accountant prepared a rough Trial Balance from the books maintained by him but it did not agree and therefore he made a search for errors and discovered the following:—

(1) Discount column of the debit side of the Cash Book has been added Rs. 20 too short.
(2) Sales Book was overcast by Rs. 80.
(3) Rs. 50 paid for repairs have been debited to Machinery Account.
(4) Furniture Purchased for Rs. 500 has been recorded in the Purchases Book.
(5) Discount allowed to Mohan Rs. 20 has been entered in the Discount column of the Cash Book but has not been posted in Mohan's A/c.
(6) Sohan's credit balance of Rs. 50 has not been included in the Sundry Creditors' List.
(7) While posting items from the Purchases Book, Ganesh, in place of being credited with Rs. 50, was debited with that sum.

State in each case how you would rectify the above errors ?

उदाहरण 85.

एक लेखापालक ने तलपट बनाया परन्तु वह नही मिला । उसने त्रुटियों की खोज की और परिणाम स्वरूप निम्न त्रुटियां निकाली :—

1. रोकड़ बही के बट्टे के खाने का डेबिट की ओर का जोड़ 20 रु० कम था ।
2. विक्रय पुस्तक का जोड़ 80 रु० अधिक था ।

3. मरम्मत के लिये दिये गये 50 रु० मशीन खाते मे डेबिट हो गये।
4. 500 रु० की फर्नीचर की खरीद क्रय पुस्तक में लिख दी गई।
5. मोहन को दिया हुआ 20 रु० वट्टा, वट्टा खाते मे लिख दिया गया परन्तु मोहन के खाते मे नही लिखा गया।
6. सोहन का 50 रु० का क्रेडिट शेष लेनदारो की सूची मे नही लिखा गया।
7. क्रय पुस्तक से खतौनी करते समय गणेश को 50 रु० से क्रेडिट करने के वजाय डेबिट कर दिया गया।

उपरोक्त त्रुटियो का आप कैसे सुधार करे गे ?

Solution —

(1) रोकड़ वही के डेबिट की तरफ के वट्टे के खाने के जोड मे 20 रु० कम जोड़े गये जिसके फलस्वरूप वट्टे खाते के डेबिट की तरफ भी 20 रु० कम लिखे गये। इस कमी को पूरा करने के लिये वट्टे खाने को 20 रु० से और डेबिट कर देना चाहिये। चूंकि अशुद्धि केवल एक खाते मे ही हुई है इसलिये सुधार का लेखा केवल इसी खाते मे निम्न प्रकार से कर लिया जायेगा.—

Discount Account

		Rs.			
Dec. 31	To undercasting Cash Book on...	20			

(2) विक्रय वही का योग 80 रु० अधिक लग गया। इसका परिणाम यह हुआ कि विक्रय खाता 80 रु० अधिक से क्रेडिट हो गया, क्योकि विक्रय वही के योग को विक्रय खाते के क्रेडिट मे ले जाया जाता है। इस आधिक्य को कम करने के दो तरीके हैं:—

(i) एक तो गलत रकम को काट कर उसके स्थान पर शुद्ध रकम लिखना। पर वहियो मे काट छाट करना अवाछनीय है।

(ii) अत: दूसरा तरीका ही अपनाया जायगा। वह यह है कि खाते के जिस पक्ष मे जितनी अधिक रकम लिख दी गई है, उतनी रकम उसके विपरीत वाले पक्ष में लेखा करने से दूसरी तरफ की अधिकता का प्रभाव मिट जाता है।

इसलिए विक्रय खाते के क्रेडिट की तरफ के 80 रु० की अधिकता को दूर करने के लिये विक्रय खाते के डेबिट की तरह निम्न लेखा किया जायेगा:—

Sales Account

		Rs.			
Dec. 31	To Overcasting of Sales Book on	80			

(3) 50 रु० मरम्मत के लिये दिये गये, पर मशीन के खाते मे डेबिट कर दिये गये। मरम्मत के लिये दिया गया खर्चा रेवेन्यूगत है और इसलिये इसे मरम्मत खाते मे डेबिट करना चाहिये। मशीन खाते मे डेबिट करने से तो यह खर्चा पूंजीगत हो गया। इसलिये इसके प्रभाव को मिटाने के लिये मशीन खाते को 50 रु० से क्रेडिट करना चाहिये और मरम्मत खाते को डेबिट करना चाहिये। चूंकि इस अशुद्धि ने दो खातो को प्रभावित किया है इसलिये इसके सुधार का लेखा नकल बही में इस निम्न प्रकार से किया जायगा:—

Solution:—

Journal

			Rs.
(a)	Sales Returns A/c	Dr.	55
	Purchases Returns A/c	,,	55
	To Suspense A/c		
	(Total of the Sales Returns Book posted to Purchases Returns A/c wrongly, now rectified)		
(b)	Jai Ram	Dr.	10
	To Suspense A/c		
	(Overcasting of the credit side, now rectified)		
(c)	Bad Debts A/c	Dr.	15
	To Suspense A/c		
	(Bad Debt of Jadunath now posted)		
(d)	Suspense A/c	Dr	10
	To Ghasiram		
	(Recd. Rs. 14 posted as Rs. 4 now rectified)		
(e)	Suspense A/c	Dr.	5
	To Sales A/c		
	(Sales Book undercast)		

Suspense Account

	Rs.		Rs.
To Balance b/d	120	By Sundries	110
,, Ghashiram	10	,, Jai Ram	10
,, Sales A/c	5	,, Bad Debts A/c	15
Rs.	135	Rs.	135

Example 87. Give journal entries necessary to rectify the errors in the following :—

(a) A purchase of goods from David amounting to Rs. 150 has been wrongly entered through the Sales Book.

(b) A credit sale of goods of Rs. 120 to Peter has been wrongly passed through the Purchases Book.

(c) Rs. 300 salary paid to the cashier Naidu stands wrongly debited to his personal A/c.

(d) Rs 100 received from Shaw & Co. have been wrongly entered as from Shah & Co.

उदाहरण 87.

निम्न त्रुटियों को सुधारने के लिये जर्नल बनाइये :—

(अ) डेविड से 150 रु० की माल की खरीद विक्रय पुस्तक में लिख दी गई।

(ब) पीटर को 120 रु० का उधार बेचा हुआ माल क्रय पुस्तक में लिख दिया गया।

(स) नायडू को वेतन के दिये गये 300 रु० उसके व्यक्तिगत खाते में डेबिट कर दिये गये

(द) शा एण्ड कं० से प्राप्त 100 रु० शाह [illegible]

Solution: –

Journal

			Rs.	Rs.
(a)	Purchases A/c	Dr.	150	
	Sales A/c	,,	150	
	To David			300
	(To rectify a purchase of goods from David wrongly entered in the Sales Book)			
(b)	Peter	Dr.	240	
	To Purchases A/c			120
	,, Sales A/c			120
	(To rectify a sale of goods to Peter wrongly entered in Purchaess Book)			
(c)	Salary A/c	Dr.	300	300
	To Naidu			
	(Rectification of salary paid wrongly debited to personal a/c of Naidu)			
(d)	Shah & Co.	Dr.	100	1 00
	To Shaw & Co.			
	Rectification of a wrong credit given to Shah & Co. instead of Shaw & Co.)			

Example 88. A book-keeper while balancing his books found that there was a difference of Rs. 83 in the trial balance. Being required to prepare the final accounts he placed this difference to a newly opened Suspense Account which was carried farward to the next year when the following errors were discovered:–

(a) Goods purchased from a merchant for Rs. 5 had been posted to the credit of his aceount as Rs. 50;

(b) A dishonoured bill receivable for Rs. 200 returned by the Bank had been credit[ed] to the Bank A/c and debited to Bills Receivable Account;

(c) An item of Rs. 10 entered in the Sales Returns Book had been posted to the debit of the customer who returned the goods.

(d) Sundry items of plant sold for Rs 260 had been entered in the Sales Book, the total of which book had been posted to Sales A/c;

(e) Rs. 60 owing by a customer had been omitted from the schedule of Sundry Debtors.

(f) Rs. 2 discount received from a creditor had been duly entered in his A/c but not posted to Discount A/c.

Give Journal entries necessary to correct these errors and prepare the suspense a/c. Also state the affect of the errors on the last year's Profit & Loss A/c.

उदाहरण 88.

एक मुनीम के तलपट में 83 रु० का अन्तर है। अन्तिम खाते तैयार करने के लिये इस अन्तर को उचन्त खाते मे डाल दिया और अगले वर्ष निम्न त्रुटियां मालूम हुईं:—

(i) एक व्यापारी मे 5 रु० का माल खरीदकर उसके खाते में 50 रु० लिखा दिये।

(ii) 20 रु० का अनादृत बिल बैंक ने लौटा दिया जो बैंक खाते मे क्रेडिट और लेय बिल को डेबिट किया गया है।

(iii) 10 रु० का लौटाया हुआ माल विक्रय वापसी पुस्तक मे लिखकर ग्राहक के खाते में डेबिट कर दिया गया।

(iv) 260 रु० की प्लांट की बिक्री विक्रय पुस्तक में लिख दी जिसका जोड विक्रय खाते में खता दिया गया।

(v) एक ग्राहक के 60 रु० देनदारो की सूची में नही दिखाये गये।

(vi) 2 रु० बट्टा लेनदार से प्राप्त हुआ और उसके खाते में ठीक दिखा दिया गया परन्तु बट्टे खाते में खतौनी नहीं हुई।

त्रुटियों मे सुधार करने के लिये जर्नल में प्रविष्टियां बनाइये। भूलचूक खाता भी बनाइये और त्रुटियों का प्रभाव गत वर्ष के लाभ-हानि खाते पर बतलाइये।

Solution:—

Journal

			Rs	Rs
(a)	Merchant's A/c	Dr.	45	
	To Suspense A/c			45
	(Rs. 50 posted to his credit in place of Rs. 5 now corrected)			
(b)	Acceptors A/c	Dr.	200	
	To Bills Receivable A/c			200
	(Dishonoured bill wrongly debited to B/R A/c now adjusted)			
(c)	Suspense A/c	Dr.	20	
	To Customer			20
	(Sales Returns of Rs. 10 wrongly posted to debit of customer now corrected)			
(d)	Sales A/c	Dr.	260	
	To Plant A/c			260
	(Plant sold wrongly credited to Sales A/c now rectified)			
(e)	Debtor's A/c	Dr.	60	
	To Suspense A/c			60
	(Debtor's amount omitted from the schedule now corrected)			
(f)	Suspense A/c	Dr.	2	
	To Discount A/c			2
	(Discount Allowed by a creditor not posted now rectified)			

*(e) तलपट की अशुद्धि है। इसकी खतौनी Suspense A/c के अतिरिक्त कहीं नहीं होगी।

Suspense Account

	Rs.		Rs.
Balance b/d	83	By Creditor's A/c	[illegible]
Customer's A/c	20	„ Debtor A/c	[illegible]
Discount A/c	2		
	105		[illegible]

Effect of errors on the last year's P & L A/c

(a) No effect
(b) „
(c) „
(d) Profit overstated by Rs 260
(e) No effect
(f) Profit understated by Rs. 2,

The cumulative effect of all the above errors on the Profit & Loss A/c was to overstate the net Profit by Rs. 258.

Example 89. Show by means of Journal entries how the following matters should be adjusted when preparing the annual accounts of a firm for the year ended 31st Dec 1957 —

(a) An examination of the accounts of a defaulting cashier reveals that Rs 4,250 were received by him from the firm's debtors and Rs 730 from Cash Sales and that he paid Rs. 65 for goods purchased and Rs 820 to creditors, the discount deducted being Rs 30. No entries for these items had been made in the books.
(b) Goods sold (and recorded as sales) for Rs 3,500 were packed and the invoice for them sent to the customer, Ram. Stock taking intervened and the parcel of goods was not despatched but was included in stock-in-hand.
(c) Goods costing Rs 1,200 were purchased for various members of the staff and the cost was included in 'Purchases'. A similar amount was deducted from the salaries of the employees concerned and the net payments to them posted to Salaries Account.
(d) A cheque amounting to Rs. 200 received from a customer (Ganesh) was dishonoured. The returned cheque was correctly entered in the Cash Book but was posted wrongly to Allowances A/c.
(e) Salary amounting to Rs. 750, was paid in December 1957 in advance to the firm's manager, the whole amount being applicable to the month of January 1958

उदाहरण 89.

जर्नल की प्रविष्टियों द्वारा दिखलाइये कि निम्न बातों । फर्म के वार्षिक खाते 31 दिसम्बर सन् 1957 को बनाते समय किस प्रकार समायोजन किया जाय.—

1. एक रोकड़िए के खाते जाच करने से मालूम हुआ कि उसने 4,250 रु० देनदारों से प्राप्त किये और 730 रु० नकद विक्री से । उसने 65 रु० माल खरीद के चुकाये और 820 रु० लेनदारों को जिस पर 30 रु० बट्टा मिला । इनकी कोई भी प्रविष्टि पुस्तकों में नहीं की गई है ।

2. बेचा हुआ माल, जो पुस्तको मे दर्ज कर लिया, 3,500 रु० का है पैक कर दिया गया और बीजक ग्राहक को भेज दिया गया । परन्तु माल का पार्सल नहीं भेजा गया और इसलिये स्टाक मे शामिल कर लिया गया ।

3. 1,200 रु० का माल जो कर्मचारियो के लिये खरीदा, खरीद मे शामिल कर लिया गया । इतनी राशि कर्मचारियो के वेतन मे से कम कर ली और बाकी का भुगतान वेतन खाते मे खता दिया ।

4. 200 रु० का गणेश से प्राप्त चैक अनादृत हो गया । यह चैक रोकड़ पुस्तक मे ठीक दर्ज किया गया परन्तु गल्ती से भत्ते खाते मे खता दिया गया ।

5. दिसम्बर 1957 मे फर्म के मैनेजर को 750 रु० वेतन पेशगी दिया । यह वेतन जनवरी 1958 माह का था ।

Solution—

			Rs.	Rs.
(a)	Cash A/c	Dr.	4,980	
	To Sundry Debtors A/c			4,250
	„ Sales A/c			730
	(Cash received from Debtors & Sales)			
	Purchases A/c	Dr.	65	
	To Cash A/c			65
	(Cash paid for purchases)			
	Sundry Creditors A/c	Dr.	850	
	To Cash A/c			820
	„ Discount A/c			30
	(Cash paid and discount allowed by creditors now entered)			
	Cashier's A/c	Dr.	4,095	
	To Cash A/c			4,095
	(Cash defalcated by the cashier)			
(b)	Sales A/c	Dr.	3,500	
	To Ram			3,500
	(Goods sold but not sent)			
(c)	Salaries A/c	Dr.	1,200	
	To Purchases A/c			1,200
	(Goods purchased for staff was debited to Purchases A/c instead of to salaries now corrected.)			
(d)	Ganesh	Dr.	200	
	To Allowances A/c			200
	(Rectification of Allowances a/c wrongly debited instead of to Ganesh)			
(e)	Prepaid Salaries A/c	Dr.	700	
	To Salaries A/c			700
	(Salaries paid in advance to the Manager)			

Example 90. The following errors were detected in the accounts of M/s Asharam & Sons for the year ended 30th June 1956:—

(1) A Builder's Bill for Rs. 2,700 for the erection of a small shed was debited to Repairs A/c

(2) A cheque for Rs. 300 received from Rahim Bux & Co. was dishonoured and debited to Allowances A/c

(3) Goods to the value of Rs. 150 returned by Chandmal & Bros. were put into the stockroom but no entry was made in the books.

(4) Repairs to plant amounting to Rs. 567 had been charged to Plant and Machinery A/c.

(5) Wages paid to the firm's own workmen for certain additions to the machinery amounting to Rs. 550 were posted to wages A/c.

(6) A cheque for Rs. 75 received from Lala Ram was credited to the account of Tika Ram and debited to Cash instead of to the Bank account.

(7) A sum of Rs. 130 drawn by the Proprietor was debited to Travelling Expenses account.

Give journal entries necessary to correct these errors and [illegible] the effects of these errors individually and collectively on the gross profit and the Balance [illegible]

उदाहरण 90.

निम्न त्रुटियां आशाराम एण्ड सन्स की पुस्तकों में मिली—

(i) एक भवन निर्माण कर्ता का एक छोटा गोदाम बनाने का 2,700 रु० का बिल मरम्मत खाते में डेबिट कर दिया गया।

(ii) रहीमबक्स एण्ड क० से प्राप्त 300 रु० का चैक अस्वीकृत हो गया और भत्ते खाते में डेबिट कर दिया गया।

(iii) चांदमल ब्रदर्स द्वारा लौटाया हुआ 150 रु० का माल स्टाक में रख दिया गया परन्तु पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं की गई।

(iv) 567 रु० मशीन की मरम्मत मशीन खाते में लिख दी गई।

(v) फर्म के मजदूरों को मशीन में वृद्धि करने के 550 रु० दी गई मजदूरी मजदूरी खाते में खता दी गई।

(vi) लालाराम से प्राप्त एक 75 रु० का चैक टीकाराम के खाते में क्रेडिट कर दिया और बैंक खाते के स्थान पर रोकड़ खाते में डेबिट कर दिया गया।

(vii) व्यापारी द्वारा निकाली गई 100 रु० की राशि यात्रा व्यय खाते में डेबिट कर दी गई।

उपरोक्त त्रुटियों को सुधारने के लिये जर्नल में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिये और इनका अलग-अलग और सामूहिक प्रभाव सकल लाभ, शुद्ध लाभ और चिट्ठे पर बतलाइये।

Solution:

Journal

			Rs.	Rs.
1.	Buildings A/c To Repairs A/c (Rectification of Capital expenditure wrongly charged to Repairs A/c)	Dr.	2,700	2,700
2.	Rahim Bux To Allowances A/c (Rectification of dishonoured cheque of Rahim Bux wrongly debited to Allowance A/c)	Dr.	300	300
3.	Sales Returns A/c To Chandmal Bros. (Goods returned by Chandmal Bros.)	Dr.	150	150
4.	Repairs A/c To Plant & Machinery A/c (Rectification of repairs wrongly charged to Plant & Machinery A/c)	Dr.	567	567
5.	Machinery A/c To Wages A/c (Wages for erection of machinery charged to Wages A/c)	Dr	550	550
6. (a)	Tika Ram To Lala Ram (Cheque received from Lala Ram posted to Tika Ram now adjusted)	Dr.	75	75
(b)	Bank A/c To Cash A/c (Cash wrongly debited in place of Bank now rectified)	Dr.	75	75
7.	Drawings A/c To Travelling Expenses A/c (Drawings wrongly debited to Travelling Expenses A/c now corrected)	Dr.	100	100

Item	Gross Profit		Net Profit		Balance Sheet			
					Assets		Liabilities	
	Over-stated	Under stated	Over-stated	Under stated	Over-stated	Under stated	Over stated	Under stated
(1)	..	.	..	2,700	...	2,700	...	2,700
(2)	..	.	...	300	...	300	...	300
(3)	150	...	150	...	150	...	150	.
(4)	..	.	567		567	...	567	
(5)	..	550	...	550	...	550	...	550
(6)	..	..	...	...	...	...	...	...
(7)	...	...	...	100	...	...	...	..
	150	550	717	3,650	717	3,550	717	3,550
Collective effect		400		2,933		2,833		2,833

Example 91. State with reasons the amount by which net profit of a business will be overstated or understated in each of the following :—

(a) The opening and closing stocks when correctly valued amount to Rs. 40,000 and Rs. 35,000 respectively, but they have both been included in the Profit & Loss A/c at 20% less

(b) Interest for 3 months and 12 days accrued on Rs. 20,000 Govt. Securities has been omitted from the books.

(c) Rs 1,000 received from a customer in respect of a debt previously written off has been credited to his personal account.

(d) Goods costing Rs. 1,500 were sent on sale or return for Rs. 2,000 which was included in sales, though no information was received from the customers.

उदाहरण 91.

कारण सहित बतलाइये वह राशि जिससे एक व्यापार का निम्न दशाओं मे शुद्ध लाभ घट या बढ़ जायेगा.—

(अ) प्रारम्भिक व अन्तिम स्टाक का ठीक मूल्य क्रमश: 40,000 रु० और 35,000 रु० है परन्तु वे लाभ नुकसान खाते में 20% कम मूल्य पर दिखाये गये है।

(ब) 20,000 रु० की सरकारी प्रतिभूतियों पर 3 प्रतिशत की दर से 3 माह 12 दिन का ब्याज पुस्तकों मे नही दिखाया गया है।

(स) एक ग्राहक से डूबत ऋण लिखी हुई 1,000 रु० की प्राप्त राशि उसके व्यक्तिगत खाते में क्रेडिट कर दी गई।

(द) 1,500 रु० की लागत का माल 2,000 रु० मे पसंदगी की बिक्री पर बेचा गया जिसको बिक्री मे शामिल कर लिया गया, यद्यपि ग्राहकों से उनकी पसंद की कोई सूचना प्राप्त नही हुई।

Solution :—

(a) The net profit of the firm will be overstated by Rs 1,000 as the opening stock has been undervalued by Rs. 8,000 and closing stock has been undervalued by Rs. 7,000 [illegible] i. e. lesser debit to Trading A/c by Rs. 1,000 has been given.

(b) Net Profit will be understated by Rs. 17[illegible] as [illegible] has not been taken into account.

(c) Net profit will be understated by Rs. 1,000 as [illegible] Profit, has been omitted to be shown in the Profit & Loss A/c.

(d) Net Profit will be overstated by Rs. 500 as goods [illegible] actual sales and included in stock at cost i. e. Rs. 1,500 and not Rs. [illegible]

Example 92. In taking out a Trial Balance a book-keeper finds an excess debit of Rs. 42 Being desirous of closing the books he places the difference to a Suspense Account which is carried forward. In the next period he discovers that [a] a credit item of Rs. 83 has been debited to a personal account as Rs. 38, [b] a sum of Rs. 62 written off fixtures as depreciation has not been posted to Depreciation Account, [c] Rs. 1,000 paid for Furniture purchased had been charged to Purchases A/c [d] a discount of Rs. 15 allowed to a customer has been credited to him as Rs. 13, [e] Total of Inward Returns had been added rupee one short, [f] an item of sales for Rs 68 was posted as Rs 86 in the Sales A/c

Give the correcting entries and prepare the Suspense A/c.

उदाहरण 92.

तलपट बनाते समय एक मुनीम ने मालूम किया कि डेबिट की ओर का जोड 42 रु० अधिक है। उसने अन्तर को भूलचूक खाते में दिखा दिया। दूसरे वर्ष मे उसे मालूम हुआ कि —

(1) 83 रु० की एक क्रेडिट व्यक्तिगत खाते मे 38 रु० डेबिट कर दी गई है।
(2) फर्नीचर की घिसाई के 62 रु० ह्रास खाते मे नही लिखे गये।
(3) 1,000 रु० के फर्नीचर की खरीद क्रय खाते मे लिख दी गई।
(4) 15 रु० का दिया हुआ बट्टा ग्राहक के खाते मे 13 रु० ही लिखा गया।
(5) विक्रय वापसी पुस्तक का जोड 1 रु० कम है।
(6) 68 रु० की बिक्री विक्रय खाते मे 86 रु० लिख दी गई।

सुधार प्रविष्टियां कीजिये और भूलचूक खाता बनाइये।

Solution –

Journal

			Rs	Rs.
(a)	Suspense A/c	Dr	121	
	To Personal A/c			121
	(A credit item of Rs 83 wrongly debited as Rs 38 now corrected)			
(b)	Depreciation A/c	Dr.	62	
	To Suspense A/c			62
	(Depreciation not posted to Depreciation A/c now posted)			
(c)	Furniture A/c	Dr.	1,000	
	To Purchases A/c			1,000
	(Purchase of Furniture wrongly debited to Purchases A/c now corrected)			
(d)	Suspense A/c	Dr	2	
	To Customer			2
	(Discount Rs. 15 wrongly posted to the customer as Rs. 13 now corrected)			
(e)	Returns Inward A/c	Dr	1	
	To Suspense A/c			
	(Returns Inwards totalled Re. 1 short now corrected)			
(f)	Sales A/c	Dr.	18	
	To Suspense A/c			18
	(Sales posted Rs. 86 Instead of Rs 68 now corrected)			

Suspense Account

	Rs.		Rs.
To Personal A/c	121	By Balance b/f	43
„ Customer	2	„ Depreciation A/c	63
		„ Returns Inwards A/c	1
		„ Sales A/c	18
	123		123

Questions प्रश्न

1. What is a Suspense A/c ? In what circumstances is it used ?
भूलचूक खाता क्या है ? किन किन स्थितियों में इसका उपयोग किया जाता है ?

2. How will you correct errors (a) before the books have been closed and (b) after the books have been closed ?
बहियें बन्द करने के पहिले और पश्चात् अशुद्धियें कैसे सुधारोगे ?

Q. 3. The book-keeper of a firm has made the following mistakes:-

[a] Machinery sold for Rs. 3,200 has been credited to Sales Account.
[b] A sum of Rs. 75 paid by way of rent of the shop debited to the Landlord's personal a/c.
[c] A sum of Rs. 50 paid for repairs to Office Furniture was debited to Furniture Account.
[d] Payment by cheque of Rs. 275 to Ram Saran Das was posted to Har Sar Das.

Pass the necessary rectifying entries.

Q. 4. In attempting to reconcile a Trial Balance, you find on going through the boo that the following errors have been made:-

[1] The total of the Sales Book for October amounting to Rs. 875 has not be posted to the Sales Account.
[2] Goods purchased from Har Narain correctly entered in the Day Book for R 86 have been posted to Har Narain's A/c as Rs. 68.
[3] The total of Sales Returns Book Rs 120 has been posted to the credit o Sales Returns A/c.
[4] Discount allowed to Ram Rs. 10 has been correctly entered in the Cash Book but has not been entered in Ram's A/c.
[5] Mohan's A/c has been debited with Rs. 50 for the cheque which [illegible] us

How would you recitify the above mistakes ?

Q. 5. In taking out a Trial Balance a book-keeper finds that he is [illegible] Rs [illegible] excess debit being desirous of closing his books he places the difference to a newly opened Suspense A/c which is carried forward. In the next period he discovers that-

[a] a credit item of Rs. 97-50 nP. has been debited to a personal ac[illegible] 79 50 nP.

(b) A Sum of Rs. 95 written off fixtures as depreciation has not been posted to Depreciation A/c.
(c) Rs. 1,500 paid for furniture purchased has been charged to ordinary purchases A/c.
(d) A discount of Rs. 37-36 nP. allowed to a customer has been credited to him as Rs. 36-36 nP.
(e) The total of the Inward Returns has added Rs. 9 short
(f) An item of sale for Rs. 59 was posted as Rs. 95 in the Sales A/c.

Give the correcting entries and prepare the Suspense A/c. State also the ultimate effect of these correcting entries on Profit & Loss A/c.

(Ans :—Net Profit would increase by Rs. 1,360 or net loss would decrease by Rs. 1,360)

Q. 6. On 31st December 1956 the book keeper of a firm was unable to agree his trial balance, the credit balance exceeding the debit balance and a suspense A/c was temporarily raised The following errors were eventually discovered —

(a) A liability of Rs 19 shown in the ledger was not included in the trial balance.
(b) The Sales Book for November was incorrectly cast as Rs. 1,086 instead of Rs 1,076.
(c) A cheque drawn for wages on 7th September 1956 for Rs. 15 was correctly entered in the Cash Book but was posted to Wages A/c as Rs. 51
(d) A Sales of Rs. 175 entered in the Sales Book was not posted to the account of the customer.
(e) Several debtors' balances amounting to Rs. 270 representing cash paid for goods purchased stood in the ledger but for which no invoices had been passed through the books.

Make Journal entries to correct these errors and show Suspense A/c as raised by the book-keeper and enter therein the adjustments you would find necessary to make in order to close the account.

[Ans :—Suspense A/c Opening Debit Balance Rs. 130]

Q. 7. The trial balance extracted from the books of a marchant on 31st Dec. 1956 was found to agree and the final accounts were drafted showing a net profit of Rs 27,870. On re-examination the following errors were, however discovered next year :—

(a) Goods sold for Rs. 250 to M. Ismail and correctly entered in the Sales Book had been debited to his account as Rs. 50.
(b) An engine purchased for Rs. 1,250 had been posted to Purchases A/c.
(c) The Purchases Book had been over added on three pages by Rs. 100, Rs 200 and Rs. 100 respectively.
(c) The total of a page Rs. 968 in the Sales Returns Book had been carried forward as Rs 768.
(e) A sale of Rs. 150 was entered in the Sales Returns Book in error but was posted correctly to the debit of the customer's A/c.

State how you would correct these and adjust the profit for 1956.

(Ans :—Adjusted Profit Rs. 29,620)

Q 8. A book-keeper balances his books monthly and if at any time his books fail to balance he enters the difference temporarily in a Suspense A/c On 31st December 1955 the books were properly balanced but on 31st January 1956 there was an excess debit of Rs 172 and therefore the Suspense A/c was credited with this amount. During February 1956 the difference was found and accounted for as follows :—

(a) Discount amounting to Rs. 18 had been allowed to customer Anand and credited to his account, but no other entery made.
(b) Wages paid amounting to 1,173 had been posted to Wages A/c as Rs. 1,373.
(c) A creditor's balance of Rs. 70 had been entirely overlooked when taking out the list of balance on 31st Jan. 1956.

(d) The remainder of the difference was due to miscast in the Sales Book.

Set out in the journal entry form the corrections necessary to adjust the several account affected.

Q. 9. On preparing a trial balance on 31st December 1956. a trader found that the debit balances exceeded credits by Rs 569. The following errors were subsequently discovered :—

(a) A credit balance of Rs 50 had been omitted from the trial balance.
(b) A cheque for Rs 55 received from a debtor had been correctly entered in the Cash Book but posted to the personal A/c Rs. 5 only.
(c) An allowance of Rs. 175 had been claimed from a creditor and entered in the presona A/c without the double entry being completed.
(d) Discounts received in November totalling to Rs 180 had been posted to the debit o Discount A/c

Draw up a Statement showing the effect of these errors on the Trial Balance and ascertain what the difference in the books will be after correcting them.

(Ans:—There will still be a difference in Trial Balance of Rs. 66/- too much credit).

Q. 10. Correct the following errors by means of Journal entries :—

(a) Rs. 55 the total of Sales Returns Book, has been posted to the credit of the Purchases Returns A/c
(b) Puachases of Rs. 450 from Brown entered in the Purshases Book as Rs. [illegible] and posted therefrom as such.
(c) Stock inventories at the year were added up Rs. 100 short.
(d) Bank charges Rs. 20 were credited to Sundry Expenses A/c and no entry was passed in the ledger account of the Bank.
(e) Goods sold on 30th December 1957 for Rs. 575 were credited to Sales Account through the Sales Books and the goods, not having been delivered to the customer were also included in the closing stock.
(f) Goods purchased from A. Dalal for Rs. 1,258 were correctly entered in the Purchases Book but the item was posted as Rs. 125 to the debit of [illegible] account.
(g) Depreciation of machinery Rs. 200 wss debited to the proprietor's Capital account.

Q. 11. State how you would correct the following errors giving journal entries where necessary :—

(a) An amount of Rs. 105 for a credit sale to Gupta, although correctly entered in the Sales Book, has been posted as Rs. 115.
(b) A credit purchase of goods amounting to Rs. 125 from Messrs. Vikram & Co. has not been entered in the Purchases Book but the payment made subsequently has been debited to their personal account.
(c) Wages paid Rs. 267 for installation of a new machine are debited to Wages A/c.
(d) Rs. 750 being the cost of a wireless set bought for the son of the proprietor has been debited to General Expenses Account.
(e) Rs. 250 drawn by Bulaki Das, a partner, had been debited to Bhulai [illegible] employee

अध्याय १३

महाजनी वहीखाता पद्धति

(The Indian System of Book-keeping)

पिछले अध्यायो मे दोहरे लेखे की पद्धति के भिन्न-भिन्न पहलुओ का वर्णन किया गया है। यद्यपि इस दोहरे लेखे की पद्धति का प्रयोग पाश्चात्य देशो मे तो बहुत किया जाता है पर भारतवर्ष में इसका प्रयोग बहुत कम किया जाता है। इस देश मे इस पद्धति का प्रयोग केवल बड़े-बड़े व्यापारगृहो, संयुक्त पूंजी वाली बड़ी कम्पनियो, बैको तथा बीमा कम्पनियो तक ही सीमित है। इसका कारण यह है कि हमारे देश मे बही खाता और हिसाब-किताब रखने की हमारी स्वय की पद्धति बहुत प्राचीन काल से चली आ रही है और यह पद्धति बहुत सुन्दर, सरल और कम खर्चीली है। इसके अतिरिक्त इस पद्धति मे अधिक लचकीलापन है अर्थात् छोटे-से-छोटे और बड़े-से-बड़े व्यापार के लिये इसका प्रयोग किया जा सकता है। इस पद्धति को 'महाजनी वहीखाता पद्धति' या केवल 'वहीखाता पद्धति' कहते है। छोटे-छोटे व्यापारी तो अपने वहीखाते इसी पद्धति के अनुसार रखते हैं और बहुत-से बड़े-बड़े व्यापारी भी अपने हिसाब इसी पद्धति पर रखते है। इसलिये इस पद्धति के अनुसार हिसाब रखने के ढंग तथा नियमो को जान लेना भारतवासियों के लिये परमावश्यक है। इस पद्धति मे भी वहियो मे लेखा अंग्रेजी पद्धति की तरह दोहरे लेखे के नियमो के अनुसार ही किया जाता है; अतएव उन विद्यार्थियों के लिए जो अंग्रेजी पद्धति के नियमो से भलीभांति परिचित हैं, महाजनी बहीखाता पद्धति के नियमो को समझने मे कोई कठिनाई नही होगी।

बहीखाता रखने की विधि

अंग्रेजी पद्धति की भांति महाजनी वहीखाते की पद्धति के अनुसार लेखा करने के कार्य को तीन भागों में विभाजित किया जाता है:—(१) प्रारम्भिक लेखे (Original Entries); (२) श्रेणी विभाजन और संग्रह (Classification and Collection) और (३) सारांश या अन्तिम खाते (Summary or Final Accounts)।

वहियां (Bahis or Books of Accounts) :—इस पद्धति मे जो किताबे लेखा करने के लिये प्रयोग में लाई जाती हैं उन्हे वहियां कहते हैं। ये वहियां करीब दो फुट लम्बी होती है और लम्बाई के बीचोबीच मे मुडी हुई होती हैं। चौडाई और मोटाई भिन्न-भिन्न वहियों की भिन्न-भिन्न होती हैं। इनमे बिना लाइन वाले सफेद या पीले कागज का प्रयोग किया जाता है। कागजों के ऊपर और नीचे चमडे या लाल कपडे से मढ़ी हुई दफ्तरी के पुट्ठो को रखकर सिरे की तरफ मजबूत डोरी से सिलाई कर दी जाती है जिससे कि कागज इधर उधर न हो जायें। उसी डोरी से बही को बाध भी दिया जाता है। कागजो की सिलाई करने से पहले उनकी चौडाई को ६ या ८ सलो या खानो (Columns) मे मोड़कर सलवट डाल लिए जाते हैं। नकल वही के अतिरिक्त अन्य बहियां प्रायः दो भागों मे बँटी हुई होती है। बांयें ओर के भाग को 'जमा' और दाये ओर के भाग को 'नाम' कहते हैं। बहियो मे लेखा करने की प्रणाली को 'जमा खर्च करना' कहते हैं।

महाजनी वहीखाता पद्धति मे भी खाते तीन प्रकार के होते हैं। व्यक्तियो से सम्बंधित खातो को व्यक्तिगत खाते या धनीवार खाते कहते हैं। जो व्यक्ति हमे रकम देता है उसके खाते मे वह रकम जमा की जाती है और जिसे हम रकम देते हैं उसके खाते मे वह रकम नाम लिख दी जाती है। वस्तुओ से सम्बन्धित खातों को वस्तुगत खाते कहा जाता है। व्यापार में आने वाली वस्तुओ के खाते मे नाम की ओर और जाने वाली वस्तु के खाते मे जमा की ओर लेखा किया जाता है। आय तथा व्यय और हानि तथा लाभ से सम्बन्धित खातों को हानि-लाभ गत खाते कहा जाता है। हानि तथा व्यय को नाम और लाभ व आय को जमा किया जाता है।

प्रारम्भिक लेखे की वहियाँ

अंग्रेजी पद्धति की भांति ही महाजनी वहीखाता पद्धति मे भी समस्त लेन-देन प्रारम्भ में किसी न कि[illegible] प्रारम्भिक लेखे की वही में लिखे जाते हैं। प्रारंम्भिक लेखे की मुख्य वहियां निम्नलिखित हैं :—

(१) बन्द (Memorandum or Rough or Waste Book) :—इस वही मे किसी [illegible] प्रकार के लेन-देन के होते ही लेखा कर लिया जाता है जिसमे कोई लेखा लिखने से न रह जाय। इस प्रकार के लेखे क[illegible] को 'टीपना' कहते हैं। साधारणतया यह बही सस्ते कागजों की बनी होती है और इसके एक पेन्सिल बंधी हुई होत[illegible] जिससे लेखे लिख लिये जाते हैं। यह वही जमा और नाम दो भागो में विभक्त होती है। बड़े व्यापारगृहो मे रोकड़ लेन-देनों और उधार के लेन-देनों को टीपने के लिये प्राय: अलग-अलग वहिये रख ली जाती हैं।

(२) रोकड़ वही (Cash Book) :—बन्द से प्रत्येक दिन के रोकड़ के लेन-देनो की नकल ब्योरे स[illegible] रोकड़ वही में की जाती है। बन्द के लेखो में से कुछ ऐसे लेखे छोड़ दिये जाते हैं जो उदरत के होते हैं जैसे किसो [illegible] व्यक्ति को कुछ रुपये दिये गये और वह व्यक्ति उन रुपयों को उसी दिन लौटा देता है। इसी प्रकार किसी व्यक्ति [illegible] कुछ रोकड़ रुपये व्यापार के खर्च के लिये दिए गये और वह व्यक्ति एक दो दिन में उन रुपयों का हिसाब बना देता [illegible] तो रुपये देते समय बन्द वही में तो उसके नाम लिख दिये जायेगे पर रोकड़ वही मे इसका लेखा नही किया जायग[illegible] बड़े-बड़े व्यापारगृहों में दो रोकड़ वहियां रखी जाती हैं—एक तो कच्ची रोकड़ वही और दूसरी पक्की रोकड़ वही [illegible] दूसरा। कच्ची रोकड़ वही में बन्द की पूरी नकल की जाती है पर पक्की रोकड़ वही में कच्ची रोकड़ वही की पूरी न[illegible] नही की जाती वरन् एक ही स्वभाव के लेखे जो कि कच्ची रोकड़ वही में भिन्न-भिन्न स्थानों पर हैं उन सबको मिला[illegible] पक्की रोकड़ वही में केवल एक ही स्थान पर लेखा संक्षेप में कर लिया जायगा। साधारण स्थिति के व्यापारी क[illegible] रोकड़ वही में किये गये ७ या १५ दिन के लेन-देनों को एक साथ मिलाकर पक्की रोकड़ वही में लिखते हैं। ऐसी स्थि[illegible] में कच्ची रोकड़ वही का मेल दैनिक होता है और पक्की रोकड़ वही का मेल साप्ताहिक या पाक्षिक होता [illegible] पक्की रोकड़ वही रखने का लाभ यह है कि खतौनी की मदें कम हो जाती हैं जिससे कि खतौनी शीघ्र कर[illegible] जाती है।

रोकड वही मे प्रत्येक दिन का लेखा लिखने से पहले व्यापारी अपने २ इष्ट देवता का नाम लिखते हैं जैसे 'श्रीग[illegible] जी सदा सहाय' या 'श्री लक्ष्मीजी सदा सहाय' या 'श्री गोनम स्वामी जी सदा सहाय' इत्यादि। इसके बाद में उस दिन [illegible] मिती, तारीख और वार लिखा जाता है। रोकड के पन्ने दो भागों मे विभाजित किए जाते हैं। बायें हाथ की तरफ [illegible] 'जमा' और दाहिने हाथ की तरफ को 'नाम' कहते है। हरएक भाग चार-चार सलों मे मुड़ा हुआ होता है। पहले सल [illegible] 'सिरा' कहते है और अन्य तीन सलों को 'पेटा' कहते हैं। सिरे में प्रत्येक लेन-देन की कुल रकम लिखी जाती है और [illegible] वाली पंक्ति मे ही उस लेखे से सम्बन्धित व्यक्ति या वस्तु का नाम इत्यादि लिखा जाता है। दूसरी पंक्ति के दूसरे सल मे [illegible] एक लेन-देन की रकमें तथा तीसरे और चौथे सल में पूरा ब्योरा लिखा जाता है। रोकड़ वही मे व्यापार आरम्भ करने [illegible] जमा की ओर लिखी जाने वाली पहली रकम व्यापारी की पूंजी की होती है और उसके बाद में प्रतिदिन जमा की ओर [illegible] लेखा प्रारम्भिक बाकी (Balance in Hand) का होता है और नाम की ओर अन्तिम लेखा [illegible] जिसे 'रोकड़ बाकी' कहते हैं, किया जाता है। यदि किसी वस्तु के बेचने से या किसी आय के स्रोत से [illegible] जमा किया जाता है। [illegible] तो उस रकम को जमा की तरफ उस व्यक्ति या वस्तु या आय के नाम से [illegible] किसी वस्तु के खरीदने के लिये या किसी व्यक्ति को या किसी खर्च की मद के लिये [illegible] या खर्च की मद के नाम से रोकड़ वही के नाम की तरफ से [illegible] वस्तु के खरीदने और बेचने में जो [illegible]

नाम खाते के नामें लिखा जाता है इसके लिये अलग से खाते नही खोले जाते। पर बड़े-बड़े व्यापारगृहो में इस प्रकार के खर्चों का लेखा करने के लिये इनके नाम से अलग अलग खोले जाते है। इसी प्रकार अन्य खर्चो के लिये जैसे किराया, वेतन, बिजली इत्यादि के लिये छोटे-छोटे व्यापारी केवल एक ही खाता खोलते है। इस खाते को 'दुकान खर्च खाता' कहते हैं। पर बड़े बड़े व्यापारगृहो मे अलग अलग खाते खोले जाते है। प्रतिदिन शाम को रोकड की मिलान की जाती है। इसे रोकड की 'विधि मिलाना' (Balancing of Cash) कहते है। इसके लिए रोकड बही के दोनो पक्षो का जोड लगाया जाता है और फिर दोनो ओर के जोडो का अन्तर निकाला जाता है। यह बात ध्यान मे रखने योग्य है कि रोकड बही के जमा का जोड नाम के जोड से हमेशा ही अधिक होगा इसलिये जमा के जोड मे से नाम का जोड घटाने से रोकड बाकी निकल आती है। इतनी रोकड रोकडिये से पास होनी चाहिये। इस रोकड की रकम को नाम के जोड के नीचे लिखकर नाम के पक्ष का फिर जोड लगा दिया जाता है। यह जमा के जोड के बराबर होगा। फिर दोनो जोडो के नीचे दो दो लाइनें खीच दी जाती हैं और रोकड़ को बन्द कर दिया जाता है।

बही खातो के उदाहरण देने के पहले यह बता देना उचित होगा कि महाजनी बही खाता पद्धति मे रकमों के रुपये, आने और पैसो तथा तोल के मन सेर छटाक लिखने के लिये अंग्रेजी पद्धति की तरह अलग अलग खानो का प्रयोग नहीं किया जाता है—तीनो को एक ही साथ एक ही खाने मे लिखा जाता है। रुपये लिखने के लिये ')' वक्र रेखा का प्रयोग किया जाता है। इसके भीतर चार आनो के लिये एक सीधी पाई '।', आठ आनो के लिये दो सीधी पाइया '।।', और बारह आनो के लिये तीन सीधी पाइयां '।।।', एक आने के लिये एक बेडी पाई पाई '-', दो आने के लिये दो बेडी पाइया '=', और तीन आनो के लिये तीन बेंडी पाइयां '≡', को खैचकर आवश्यक आने सूचित किये जाते हैं। रुपयो की वक्र रेखा के बाहर एक खडी पाई से एक पैसा, दो खडी पाइयो दो पैसे और तीन खडी पाइयो से तीन पैसे सूचित किये जाते है। भारतवर्ष मे मुद्रा के रूप मे पाइयो का चलन बहुत कम है इसलिये इस पद्धति मे प्रायः पाइयो का प्रयोग नही किया जाता है। पर अगर उनका प्रयोग करना हो तो पैसो के चिन्ह लिखने के बाद उन्हें संख्या मे लिख दिया जाता है जैसे एक हजार तीन सौ छत्तीस रुपये इग्यारह आने इग्यारह पाई इस प्रकार लिखे जायेगे :—१३३६।।≡)।।।२। इसी प्रकार तौल लिखने मे मनो के लिये 'S' वक्र रेखा का प्रयोग किया जाता है। दस सेर के लिये एक खडी पाई '।', बीस सेर के लिये दो खडी पाइयो '।।' और तीस सेर के लिये तीन खडी पाइयो '।।।' को मन की वक्र रेखा के भीतर लिखा जाता है। दस सेर से कम सेर वक्र रेखा के बाहर संख्या मे लिख दिये जाते हैं। इसके बाद से एक पाव के लिये खडी पाई '।' दो पाव के लिये दो खड़ी पाइया '।।' और तीन पाव के लिये तीन खडी पाइयां '।।।' लिखी जाती हैं। इसके बाद मे एक छटाक के लिये एक बेंडी पाई '-' दो छटाक के लिये दो बेंडी पाइयां '=' और तीन छटाक के लिये तीन बेंडी पाइया '≡' खेची जाती हैं, जैसे पच्चीस मन सोलह सेर ग्यारह छटाक इस प्रकार लिखे जायेगे:— २५।S६।।≡ परन्तु अब मुद्रा के रूप मे रुपये व नये पैसे का चलन हो गया है रुपयो को वक्र रेखा के अन्दर और नये पैसो को वक्र रेखा के बाहर संख्या के रूप मे लिखा जाता है।

कच्ची रोकड़ बही का उदाहरण

Example. Dina Nath Deendayal started business on Baisakh Badi 5 Samat 2009 dated 26th April 1951, Wednesday, by bringing in Rs. 1,100 as capital The other cash transactions of that day were as follows :—

Purchased rice 2 Bags weighing 5 maunds @ Rs. 40 per maund.
Received Rs. 500 from Messrs Harjeeven Das Ganshyam Das thrhango aaul n
Purchased rice weighing 6 maunds @ Rs 40 per maund.
Sold rice 2 bags weighing 5 maunds @ Rs. 45 per maund.
Paid Bill for Bahis, Inkpots, Stationery etc. for Rs. 35.
Deposited Rs 250 with Jaipur Bank through Dhannalal.
Sold rice 1 bag weighing 2 mds. @ Rs. 45 per md.
Record the above transactions in the *Kachi Roker Bahi* of Dina Nath Deendayal.

B. C. Bantia

उदाहरण

दीनानाथ दीनदयाल ने बुधवार वैसाख वदी ५ सम्वत् २००८ तारीख २६ अप्रैल १९५१ को ११०० रु० की पूंजी से व्यापार आरम्भ किया। उनके उस दिन के दूसरे रोकड़ लेन-देन निम्न प्रकार है :—

दो बोरे चावल जिनका वजन ५ मन है ४० रु० प्रति मन की दर से खरीदे।
हरजीवनदास घनश्यामदास से मन्नालाल के द्वारा ५०० रु० प्राप्त हुये।
६ मन चावल ४० रु० प्रति मन से खरीदा।
दो बोरे चावल जिनका वजन ५ मन है ४५ रु० मन की दर से बेचे।
बहियें, दवातें व स्टेशनरी ३५ रु० मे खरीदी का बिल चुकाया।
जयपुर बैंक में २५० रु० धन्नालाल के द्वारा जमा कराये।

उपरोक्त लेनदेनों को दीनानाथ की कच्ची रोकड़ बही में दिखाइये।

कच्ची रोकड़ बही

Solution :—

पन्ना १

श्री लक्ष्मीजी सदा सहाय रहें। मिती वैसाख वदी ५ सं० २००८ तारीख २६-४-५१ बुधवार।

जमा	नाम
११००) श्री पूंजी खाते का जमा रुपया व्यापार के लिए रोकड़ आये	२००) श्री माल के नाम २००) चावल बोरा २ तोल ५ऽ दर ४०) मन
५००) भाई हरजीवनदास घनश्यामदास का जमा रोकड़ हा० मन्नालाल	२४०) श्री माल खाते के नाम २४०) चावल तोल ६ऽ दर ४० रु० मन
२५५) श्री माल खाते जमा २२५) चावल तोल ५ऽ दर ४५) मन	३५) श्री दुकान खर्च खाते के नाम ३५) बहियां, दवात इत्यादि खरीदे
९०) माल खाते जमा ९०) चावल बोरा १ तोला २ऽ दर ४५)	२५०) जयपुर बैंक खाते के नाम रोकड़ हा० धन्नालाल
१९१५)	७२५)
	११९०) श्री रोकड़ बाकी नोट १०४०) रोकड़ी १४८) रेजगी २)
	१९१५)

नोट :—(१) हा० हस्ते (Through)

(२) महाजनी बही खाते पर पूछे गये प्रयोगात्मक प्रश्नों को हिन्दी में हल किया जा सकता है इसलिये उपरोक्त प्रश्न को और अन्य प्रश्नों को भी हिन्दी में हल किया गया है।

(३) रोकड़ बाकी के नोट, रोकड़ी रेजगी आदि को अनुमान अनुसार मान लिया गया है क्योंकि प्रश्न में इसके लिए कोई सूचना नहीं है।

पक्की रोकड़ बही का उदाहरण

Example. Prepare Pakki Roker Bahi from Ex 1- No. 93.

उदाहरण.

उदाहरण ९३ की पक्की रोकड बही तैयार किजिये ।

Solution :—

पक्की रोकड़ बही

पन्ना नं० १

श्री लक्ष्मीजी सदा सहाय रहे । श्री मिती वैसाख बदी ५, संवत् २००८ तारीख २६-४-५१ बुधवार ।

जमा	नाम
११००) श्री पूंजी खाते का जमा	४४०) श्री माल खाते के नाम
५००) भाई हरजीवनदास घनश्यामदास के जमा रोकडी हाा० मन्नालाल	२००) चावल तोल ५S दर ४०) मन
	२४०) चावल तोल ६S दर ४०) मन
	४४०)
३१५) श्री माल खाते जमा	३५) श्री दुकान खर्च के नाम
२२५) चावल तोल ५S दर ४५) मन	२५०) जयपुर बैंक के नाम रोकड
९०) चावल तोल २S दर ४५) मन	७२५)
३१५)	
१९१५)	११९०) श्री रोकड बाकी
	१९१५)

जो व्यापारी अधिकांश क्रय-विक्रय नकदी मे करता है वह केवल रोकड बही ही रखता है । ऐसी स्थिति में अगर वह कभी उधार के लेन-देन करता है तो उनका लेखा भी रोकड बही मे ही कर लेता है । अगर रोकड बही मे उधार खरीदे या बेचे हुए माल का जमा खर्च करना है तो वह जमा खर्च दोनो तरफ किया जायेगा जिससे कि उस जमा खर्च का प्रभाव रोकड बाकी पर कुछ न पडे । अगर उधार से माल खरीदा जाता है तो जमा की ओर उस व्यापारी का जमा कर के नाम की ओर माल खाते के नाम लिखा जायगा और अगर उधार पर माल बेचा जाता है तो माल खाते का जमा कर उधार खरीदने वाले व्यक्ति के नाम लिखा जायगा । अगर उधार से माल खरीदने वाला व्यक्ति कुछ रुपया रोकड मे दे दे तो जितने रुपयो का उसे कुल माल बेचा गया है वह माल खाते का जमा कर लिया जायेगा और जितने रुपये अभी उस पर बाकी हैं केवल वे ही उसके नाम लिखे जायेंगे ।

Example. Messrs Ram Raj Ram Gopal keep their accounts according to Indian System of Book-keeping They keep only two principal books of account viz, Rokar Bahi for original record of all types of transactions and a Khata Bahi You are required to record the following transactions in the Roker Bahi for Wednesday, Miti Sawan Badi 11, Samwat 2010 dated 5th August, 1953, and to balance the Roker Bahi at the close of the day:—

(a) The opening balance of cash on that day was Rs 1,872 37 nP

(b) Sold goods for cash Rs. 1,570-37 nP.

(c) Purchased from Ramprasad Dwarkaprasad 25 Bags Rice, gross weight 65 mds. Tare 1 md. @ Rs 25 per maund. They also charged Rs. 25 for bags, Rs. 8 for freight and Re. 1 for charity
(d) Sold 15 Bags rice to Manak Chand Ganesh Chand. Gross Wight 32 mds. 20 seers, Tare 20 seers, rate Rs. 30 per md. Charged from them Rs. 15 for bags, 50 nP. for charity and 50 nP. for weighment.
(3) Purchased from Jogidas Kamlapat 53 Bags Gur, Gross weight 103 mds. Tare 3 mds, rate Rs. 22 per md. They charged Rs. 25 for bags, Rs. 22 for freight and Rs. 2 for charity.
(4) Purchased Furniture from Delhi Furniture Mart for Rs. 250 and machinery for Rs. 500 from Agra Machinery Mart.
(5) Sold to Champalal Rangroopmal 25 Bags Gur. Gross weight 51 mds. 20 seers. Tare 1 md 20 seers rate Rs. 27 per md. Charged from them Rs. 12-50 nP. for bags and 50 nP for charity.

Record tne above transactions in appropriate Nakal Bahis.

उदाहरण

दीनानाथ दीनदयाल के बुधवार वैसाख बुदी ५ सम्वत् २००८ तारीख २६ अप्रैल १९५१ के निम्न उधार लेन-देन है :—

(१) रामप्रसाद द्वारकाप्रसाद से २५ बोरे चावल, जिनका कुल वजन ६५ मन है, और बोरों का वजन १ मन है, २५ रु० प्रति मन की दर से खरीदे। उन्होंने २५ रु० बोरो के, ८ रु० रेल भाड़े के और १ रु० धर्मादे का और लगाये।

(२) मानकचन्द गणेशचन्द को १५ बोरे चावल ३० रु० प्रति मन की दर से वेचे। कुल वजन ३२ मन २० सेर था व बोरो का वजन २० सेर। १५ रु० बोरो के, ५० नये पैसे धर्मादे के और ५० नये पैसे तुलाई के और लगाये।

(३) जोगीदास कमलापत से ५० बोरे गुड २२ रु० प्रति मन की दर से खरीदा। कुल वजन १०३ मन, बोरों का वजन २५ मन। उन्होंने २२ रु० रेल भाड़े के और २ रु० धर्मादे के और लगाये।

(४) दिल्ली फर्नीचर मार्ट से २५० रु० का फर्नीचर और आगरा मशीनरी मार्ट से ५०० रु० की मशीने खरीदीं।

(५) चम्पालाल रंगमलरूप को २४ बोरे गुड २७ रु० प्रति मन की दर वेचा। कुल वजन ५१ मन २० सेर बोरो का वजन १ मन २० सेर। १२ रु० ५० नये पैसे बोरो के और ५० नये पैसे धर्मादे के लगाये।

Solution.—

जमा नकल वही

पन्ना १

श्री लक्ष्मी जी सदा सहाय रहें। मिती वैसाख बुदी ५ सम्वत् २००८ बुधवार ता० २६-४-५१

३८८३) श्री माल खाते के नाम

१६३४) भाई रामप्रसाद द्वारिकादास के जमा

१६००) चावल बोरा २५ तोल ६५ऽ बाद बारदाना १ऽ बाकी ६४ऽ दर २५) प्रति मन

३४) खाली बोरा २५, गाड़ी भाड़ा, धर्मादा

२५) ८) १)

१६३४)

२२४९) भाई जोगीदास कमलापत के जमा

२२००) गुड बोरा ५० तोल १०३ऽ बाद बारदाना ३ऽ बाकी १००ऽ दर २२) प्र०

४९) खाली बोरा ५०, गाड़ी भाड़ा, धर्मादा

२५) २२) २)

२२४९)

३८८३)

१६८) नेशनल स्टोर बम्बई वालों का जमा

१६३) माल आया

५) गाडी भाड़ा लगा

१६८)

४००) पंडित ब्रादर्स के जमा

३००) रोकड़ी आया

१००) डूबत रह गये सो डूबत खाते नाम लिख इनके जमा किये।

४००)

३७०) श्री माल खाते जमा

१७०) नकद आये

२००) भंडारी ब्रादर्स मे बाकी रहे सो उनके नाम लिखकर माल खाते जमा किये।

३७०)

४४६१)७५

१६८) श्री माल खाते के नाम

१६३) माल आया नेशनल स्टोर बम्बई से

५) गाडी भाडा दिया

१६८)

१००) डूबत खाते के नाम

१००) पंडित ब्रादर्स में डूबत रह गये सो उनके जमाकर डूबत खाते नाम लिखे।

२००) भंडारी ब्रादर्स के नाम

२००) माल ३७०) का उधार से बेचा उनके बाकी रहे।

१००) किराये खाते के नाम

१००) माह ३ का किराया दिया

५००) तनख्वाह खाते नाम

५००) मुनीमो और गुमास्तो को जुलाई की तनख्वाह के दिये।

१०१) श्री धर्मादा खाते नाम

१०१) धर्मशाला के बनाने मे दिये

३२११)७५ नये पैसे श्री रोकड बाकी

४४६१)७५

(३) **नकल बही (Nakal Bahi)** :—जिस व्यापारी के यहा उधार से क्रय-विक्रय अधिक होता है वह उधार के लेन-देनो का लेखा रोकड बही मे न करके एक अन्य बही मे करता है। इस बही को नकल बही कहते है। बहुत बड़े व्यापारगृहो मे तो उधार के लेखो का जमा खर्च करने के लिये दो नकल बहियो का प्रयोग किया जाता है—एक तो जो माल उधार खरीदा जाय उसका लेखा करने के लिये, जिसे **जमा नकल बही** या **जमा जाकड़ बही** या **माल खरीद बही** या **बीजक बही** कहते हैं और दूसरी जो माल उधार बेचा जाय उसका लेखा करने के लिये जिसे **नाम नकल बही** या **नाम जाकड़ बही** या **बिक्री बही** या **सट्टी बही** कहते हैं। कभी-कभी एक तीसरी नकल बही और रखी जाती है। इसको **खुदरा नकल बही** कहते हैं और इसमे उन लेन-देनों का लेखा किया जाता है जो माल के उधार क्रय-विक्रय से सम्बन्धित नही है जैसे उधार फर्नीचर खरीदा जाय। समायोजन के लेखे (Adjusting Entries) भी इसी बही के द्वारा किये जाते है। नकल बहियो मे जमा और नाम पक्ष अलग-अलग नही होते है। इनमे लेखा ठीक उसी ढंग से किया जाता है जिस ढंग से अंग्रेजी पद्धति मे Journal मे किया जाता है। प्रत्येक लेन-देन को जमा और नाम में विभक्त कर एक दूसरे के नीचे लिख दिया जाता है। नकल बही के पन्ने में छ सल होते हैं। पहली पंक्ति के पहले सल मे रकम लिखी जाती है और अन्य सलो मे उस खाते का नाम जिसके जमा या नाम लिखना है। दूसरी पंक्ति के पहले सल को खाली छोड दिया जाता है, दूसरे सल मे रकम लिखी जाती है और अन्य सलो मे उस खाते का नाम लिखा जाता है जिसके नामे या जमा लिखना है। अगर ब्यौरा लिखना है तो नीचे की पंक्तियो मे लिखा जायेगा। एक ही स्वभाव के एक से अधिक लेन-देन अगर एक ही तारीख मे हुये हो तो वे सम्मिलित कर दिये जाते हैं।

Example. Following are the credit transactions of Messrs [illegible] for Wednesday, Baisakh Badi 5, Samvat 2008 dated 26th April 1951—

(c) Sold to the English Drug House:—

One dozen Milk of Magnesia @ Rs. 2-50 nP. each
One dozen Spasmindon Bottles @ Rs. 5-0 each.
Trade Discount allowed @ 10%.

(d) Goods received from National Stores, Bombay as per their Invoice for Rs. 168 which included freight Rs. 5 paid by them on our behalf.

(e) Received from Pandit Bros. (who were debtors of the firm for Rs. 400, the first and final dividend of 75 nP. in a rupee.

(f) Sold goods to Messrs. Bhandari Bros. for Rs. 370 net. They paid cash in part payment of the above Rs. 170.

(g) Paid three months' rent of the shop Rs. 100.

(h) Paid salaries to muneems and gumastas Rs. 500.

(i) Donated a sum of Rs. 101 towards the construction of a Dharamshala.

उदाहरण

मेसर्स रामराज रामगोपाल अपना हिसाब महाजनी वही खाते के अनुसार रखते है। वे दो पुस्तकें यथा रोकड़ वही और खाता वही रखते हैं। निम्न लेन-देनो से उनकी रोकड़ वही, बुधवार मिति सावन बदि ११ सम्वत् २०१०, तारीख ५ अगस्त, ५३ को तैयार कीजिये :—

(१) रोकड़ हस्ते १८७२)३७
(२) नकद माल वेचा १५७०)३७
(३) इङ्गलिश ड्रग हाउस को वेचा :—
  एक दर्जन मिल्क आफ मेगनीशिया २)५० प्रति दर्जन की दर से।
  एक दर्जन स्पेसमीन्डोन की वोतले ५) प्रति दर्जन की दर से।
  व्यापारिक वट्टा १०%
(४) नेशनल स्टोर्स वम्बई से १६८) का माल उनके बीजक के अनुसार प्राप्त हुवा जिसमें ५) रेल-भाड़े के शामिल है जो उन्होंने हमारे लिये चुकाये।
(५) पंडित ब्रादर्स से, जो हमारे ४००) के ऋणी थे, रुपये में ७५ नये पैसे की पहली एवं अन्तिम किश्त प्राप्त हुई।
(६) भंडारी ब्रादर्स को ३८०) का माल वेचा। उन्होंने १७०) नकद दिये।
(७) दुकान का तीन माह का १००) किराया चुकाया।
(८) मुनीम और गुमाश्तों को ५००) वेतन चुकाया।
(९) १०१) एक धर्मशाला के बनाने मे चन्दा दिया।

रोकड़ वही

पन्ना नं० ५१

श्री गणेश जी सदा सहाय रहें। मिति सावन बदी ११ सं० २०१०, बुधवार, ता० ५ अगस्त १९५३।

१८७२)३७ श्री रोकड़ बाकी
१५७०)३७ श्री माल खाते जमा
  १५७०)३७ माल नकद में बेचा
८१) श्री माल खाते जमा
  ८१) दी इङ्गलिश ड्रग हाउस के नाम की तरफ
  लिखे अनुसार उधार में माल देना

८१) दी इङ्गलिश ड्रग हाउस के नाम
  ३०) मिल्क आफ मेगनीशिया १२ शीशी दर २)५०
  ३०) स्पेसमीन्डोन १ दर्जन दर ५ प्रति दर्जन
  ९०)
  ९) बाद व्यापारिक वट्टा १०%
  ८१)

नाम नकल वही

पन्ना १

श्री लक्ष्मीजी सदा सहाय रहें। मिती वैसाख वदि ५ सम्वत् २००८ बुधवार तारीख २६–४–५१।

२३३६) श्री माल खाते के जमा

९७६) भाई मानकचन्द गनेशचन्द के नाम

९६०) चावल बोरे १५ तोल ३२॥ऽ वाद बारदाना ऽ२० बाकी तोल ३२ऽ दर ३० रु० प्रति मन

१६) खाली बोरे १५, धर्मादा, तोलाई

१५))५०)५०

९७६)

१३६३) भाई चम्पालाल रंगरूपमल के नाम

१३५०) गुड बोरे २५ तोल ५१॥ऽ वाद बारदाना १॥ऽ बाकी तोल ५०ऽ दर २७ रु० प्रतिमन

१३) खाली बोरे २५, धर्मादा

१२)५०)५०

१३६३)

२३३९)

खुदरा नकल वही

पन्ना १

श्री लक्ष्मीजी सदा सहाय रहे। मिती वैसाख वदी ५ संवत् २००८ बुधवार ता० १६–४–५१

२५०) फर्नीचर खाते नामे

२५०) दिल्ली फर्नीचर मार्ट का जमा

२५०) फर्नीचर खरीदा

२५०)

५००) मशीनरी खाते नामे

५००) आगरा मशीनरी मार्ट का जमा

५००) मशीनरी खरीदी

५००)

७५०)

(४) वापसी बहियां (Returns Books)—छोटे व्यापारी तो क्रय या विक्रय किये गये माल के लौटाये जाने का लेखा जमा नकल वही या नाम नकल वही मे ही कर लेते है पर वडे वडे व्यापार गृहो मे इनका लेखा करने के लिये भी अलग अलग वहिये रखी जाती है। उधार खरीदे हुए माल के वापिस लौटाने का लेखा जिस वही मे किया जाता है क्रय प्रत्याय वही अथवा क्रय वापसी वही (Puachases Returns Book) कहते हैं और जिस वही मे उधार वेचे हुए माल के वापिस लौटाये जाने का लेखा कियाजाता है उसे विक्रय प्रत्याय वही अथवा विक्रय वापसी वही (Sales Returns Book) कहते हैं। इन वहियों के लिखने का ढंग विल्कुल जमा नकल वही और नाम नकल वही के समान ही है।

श्रेणी विभाजन और संग्रह

प्रारम्भिक वहियो में लेखो की अधिकता के कारण इस वात का ध्यान सरलता से नही लगाया जा सकता कि भिन्न भिन्न पक्षो से हुए कई सौदो का प्रभाव प्रत्येक पक्ष पर किस रूप मे पडा जैसे कि किन किन व्यक्तियो से कितना २ लेना और किन व्यक्तियो को कितना २ देना है; वैक की जमा कितनी है, पूंजी कितनी है आदि । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु, खर्च इत्यदि से सम्बन्धित लेनदेनो का संग्रह एक स्थान पर अलग २ कर दिया जाता है। ऐसी वही को जिसमे सग्रह किया जाता है खाता वही कहते है । महाजनी वही खाता पद्धति में भी अंग्रेजी पद्धति की तरह खाता-वही प्रमुख होती है । प्रारम्भिक वहियो से खाता वही मे लेखा करने को 'खतौनी' या 'खतियाना' या खताना कहते हैं । प्रायः एक खाता एक पन्ने पर खोला जाता है । रोकड़ वही की भाति इस वही मे जमा और नाम पक्ष होते हैं और प्रत्येक पक्ष मे चार-चार खाने होते हैं । पहले खाने मे, जिसे सिरा कहते है, रकम लिखी जाती है और वाकी के तीन खानो में, जिन्हें पेटा कहते है, उस प्रारम्भिक लेख की वही का नाम संक्षेप मे लिखा जाता है जिस वही मे खतौनी की जा रही है, फिर उस प्रारम्भिक लेखे की वही की पृष्ठ संख्या लिखी जाती है जिस पर वह लेनदेन लिखा हुआ है और इस के वाद मे लेनदेन की तिथि लिखी जाती है। ज्यो २ लेखे खताये जाते हैं त्यो २ उन लेखो के सामने (।) या (ऽ) या (०) का चिन्ह लगा दिया जाता है जिससे यह मालूम हो जाय कि अमुक लेखा खता लिया गया है । साथ ही उस खाते की पृष्ठ संख्या भी प्रारम्भिक लेखे की वही मे लिख दी जाती है जिससे संदर्भ सुलभ हो जाता है । प्रत्येक खाते के ऊपर उस व्यक्ति या वस्तु या खर्चे का नाम लिख दिया जाता है जिस व्यक्ति, वस्तु या खर्चे से सम्बन्धित लेखे उसमे किये जायेगे । खाता खताते समय इस वात का ध्यान रखना जरूरी है कि बही खाता पद्धति में प्रारम्भिक लेखे की वहियों की जमा के लेखे खाता-वही मे जमा की तरफ ही लिखे जायेंगे और प्रारम्भिक लेखे की वहियो के नाम के लेखे खातो मे भी नाम की तरफ ही लिखे जायेगे । इस पद्धति मे और अंग्रेजी पद्धति में यही एक मुख्य अन्तर है क्योंकि अंग्रेजी पद्धति मे खतौनी विपरीत पक्ष में की जाती है । वही के आरम्भ मे या अन्त मे या अलग कापी में खातों की वर्णमाला के क्रम मे या अन्य सुविधाजनक रीति से क्रम सूची वनाली जाती है । सूची मे खाते का नाम और पृष्ठ संख्या दी जाती है । इस सूची को 'पानावली' कहते है ।

Example. 97. Post into Ledger the transactions appearing in the Pakki Rokar Bahi of Example 97 and Nakal Bahis of Example 96.

उदाहरण 97.

उदाहरण ६४ की पक्की रोकड वही और उदाहरण ६६ की नकल वहियो से खाता वही मे खतौनी कीजिये।

Solution:—

खाता वही

(पन्ना १)

खाता श्री पूंजी का

११००) रो० प० मि० वै० वदी ५

(पन्ना २)

खाता भाई हरजीवनदास घनश्यामदास का

५००) रो० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ३)

खाता श्री माल खाते का

३१५) रो० प० १ मि० वै० वदी ५ | ४४०) रो० प० १ मि० वै० वदी ५
२३३६) ना० न० प० १ मि० वै० वदी ५ | ३८८३) ज० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ४)

खाता श्री दुकान खर्च का

३५) रो० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ५)

खाता श्री जयपुर बैंक का

२५०) रो० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ६)

खाता भाई रामप्रसाद द्वारिकादास का

१६३४) ज० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ७)

खाता भाई जोगीदास कमलापत का

२२४६) ज० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ८)

खाता भाई मानकचन्द गणेशचन्द का

९७६) ना० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ९)

खाता भाई चम्पालाल रंगरूपमल का

१३६३) ना० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना १०)

खाता श्री फर्नीचर का

२५०) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना ११)

खाता दिल्ली फर्नीचर मार्ट का

२५०) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना १२)

खाता श्री मशीनरी का

५००) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५

(पन्ना १३)

खाता आगरा मशीनरी मार्ट का

५००) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५

नोट—रो०=रोकड़ वही, प०=पन्ना, मि०=मिती, वै०=वैसाख, ना०=नाम, न०=नकल वही, ज०=जमा, खु०=खुदरा।

कच्चा चिट्ठा या तलपट

(Trial Balance)

प्रारम्भिक लेखे की वहियो से खतौनी कर लेने के वाद मे खतौनी की शुद्धता जांचना आवश्यक हो जाता है। इसके लिये तलपट वनाया जाता है। तलपट वनाने के लिये खाता वही के सव खातो की वाकियो और रोकड़ वही की वाकी से एक सूची वनाई जाती है। इस सूची में जमा की वाकियां जमा की तरफ और नाम की वाकियां नाम की तरफ लिखी जाती हैं। रोकड़ वाकी नाम की तरफ लिखी जाती है। अगर दोनो तरफ का योग वरावर है तो खतौनी ठीक हुई समझी जाती है अन्यथा खतौनी मे अशुद्धियां रह गई है जिन्हें ढूंढ निकालना चाहिये।

Example 98. Prepare a Trial Balance of Messrs. Dina Nath Deendayal from Example 9[illegible]

उदाहरण 98

उदाहरण ६७ से मेसर्स दीनानाथ दीनदयाल का तलपट तैयार कीजिये।

Solution:—

तलपट दीनानाथ दीनदयाल का मिती वैसाख वदी ५ स० २००८

११००) श्री पूंजी	१६६६) श्री माल खाता
५००) हरजीवनदास धनश्यामदास	३५) श्री दुकान खर्च
१६३४) रामप्रसाद द्वारकादास	२५०) जयपुर वैंक
२२४६) जोगीदास कमलापत	६७६) मानकचन्द गनेशदास
२५०) दिल्ली फर्नीचर मार्ट	१३६३) चम्पालाल रंगरूपमल
५००) आगरा मशीनरी मार्ट	११६०) श्री रोकड़ वाकी
	२५०) श्री फर्नीचर
	५००) श्री मशीनरी
६२३३)	६२३३)

खातों को व्योंढा करना और अन्तिम खाते वनाना

तलपट वनाकर खातों की शुद्धता जाचने के वाद किन्तु अन्तिम खाते वनाने से पूर्व खातो की वाकी [illegible] कर खातों को वन्द किया जाता है। इसे **खातों को ब्योंढा करना** कहते है। व्यक्तिगत या सम्पत्तियो के खातो की वाकी निकालने के लिये दोनो तरफ का अलग-अलग जोड़ लगाकर उनके पेटे मे लिख दिया जाता है। अगर किसी खाते के दोनो तरफ का जोड वरावर हो तो प्रत्येक पक्ष के सिरे के सब से पेटे के अन्तिम [illegible] [illegible] [illegible] जिससे यह मालूम हो जाय कि खाता वन्द हो गया है। पर अगर दोनों तरफ का योग असमान हो तो अन्तर [illegible] तरफ लिख देना चाहिये जैसे अगर जमा की तरफ का योग अधिक है तो अन्तर की रकम नाम की तरफ [illegible] पेटे मे 'वाकी देने रहे' लिख दिया जायगा और अगर नाम की तरफ का योग अधिक है तो अन्तर [illegible] तरफ के सिरे में लिखकर पेटे मे 'वाकी लेने रहे' लिख दिया जायगा। [illegible] दिया जायगा। इसके वाद मे दोनो तरफ सिरे मे [illegible] अगले वर्ष भी इन्हीं वहियों में जमाखर्च करना हो तो, अन्तर की [illegible] जायेगा और अगर नई वहियें डाली है तो इस अन्तर की रकम [illegible] मे ले जाना जायेगा।

माल खाते को बन्द करने के पहले बचे हुये माल, जिसे 'रहतिया' कहते हैं, की कीमत कूंतनी चाहिये । बचे हुये माल की कीमत क्रय मूल्य या बाजार मूल्य से, जो भी कम हो, कूंती जाती है । इसकी कीमत कूंत कर माल खाते मे जमा की ओर लिख दी जाती है । अब माल खाते के जमा व नाम पक्षो का योग लगाकर अन्तर ज्ञात किया जाता है जिनसे माल खाते से कच्चे लाभ या कच्ची हानि की रकम मालूम हो जाती है जिसे नकल वही के द्वारा नफा नुकसान खाते या हानि लाभ खाते मे ले जाया जाता है । इसके पश्चात् जितने भी आय या व्यय के खाते होते है उनके दोनो पक्षो का योग लगाकर अन्तर जो नकल वही द्वारा नफा नुकसान खाते मे या बटाव खाते मे ले जाया जाता है । नफा नुकसान खाते के दोनो पक्षो का योग लगाकर अन्तर ज्ञात किया जाता है जो खरा नफा या खरा नुकसान होता है । नफा नुकसान खाते का शेष नकल वही के द्वारा पूंजी खाते मे ले जाया जाता है । नफा नुकसान खाता बन्द करने से पहले अगर कुछ खर्चे लिखे जाने से रह गये है या अगले वर्ष से सम्बन्धित खर्चे इस वर्ष मे दे दिये गये है, कुछ आय बाकी है, या ब्याज के लेखे व घटौती के लेखे इत्यादि करने हो तो, उनके लिये समायोजन की प्रविष्टिया नकल वही मे कर लेनी चाहिये और उनका आवश्यक समावेश नफा नुकसान खाते मे कर लेना चाहिये जिससे शुद्ध व पूर्ण खरा नफा या नुकसान ज्ञात हो सके । नफा नुकसान खाते की बाकी अर्थात् खरा नफा या नुकसान पूंजी खाते मे ले जाने पर पूंजी खाता बन्द कर दिया जाता है ।

फिर जिन खातो मे 'बाकी देना रहे' और 'बाकी लेना रहे' लिखा गया है उनकी एक ऐसी सूची बना ली जाती है जिससे व्यापारगृह की आर्थिक स्थिति ज्ञात हो सके । इस सूची को चिट्ठा (Balance Sheet) कहते है । चिट्ठे के भी दो पक्ष होते है, जिसमे बाई ओर जमा की बाकिया दाहिनी ओर नामे की बाकिया लिखी जाती है । रोकड और रहतिया नामे की तरफ लिखा जाता है ।

समायोजन की प्रविष्टियां प्राय. जमा नकल वही मे की जाती है पर जिस व्यापारगृह मे 'खुदरा नकल वही' का प्रयोग किया जाता है, वहा समायोजन के लेखे इस वही के द्वारा किये जाते है । कभी-कभी समायोजन के लेखे रोकड वही के द्वारा भी किये जाते है । नीचे के उदाहरण मे समायोजन के लेखे खुदरा नकल वही के द्वारा किये गये बताये गये हैं ।

Example. 99. Pass the necessary entries to close the accounts opened in the ledger under Example 97 and show the Ledger Accounts. Also prepare Profit & Loss Account and Balance Sheet presuming that the Stock in Hand is worth Rs. 1900

उदाहरण 99.

उदाहरण ९७ के खाते बन्द करने की नकल वही मे प्रविष्टिया करके खाते भी बनाइये तथा इनसे नफा-नुकसान खाता और चिट्ठा बनाइये । अन्तिम स्टाक का मूल्य १९००) है ।

Solution :—

खुदरा नकल वही

पन्ना नं० २

१९००) श्री माल खाते जमा

१९००) श्री रहतिया खाते नाम

१९००) माल पोते रहा जिसका ब्यौरा स्टाक वही मे है

२३१) श्री माल खाते नाम

२३१) श्री नफा नुकसान खाते जमा

२३१) मुनाफा रहा जो नफा नुकसान खाते ने ले जावे

३५) श्री नफा नुकसान खाते नाम
३५) श्री दुकान खर्च खाते जमा
३५) दुकान खर्च खाते को ड्यौढ़ा किया गया।

१९६) श्री नफा नुकसान खाते नाम
१९६) श्री पूंजी खाते जमा
१९६) नफे के पूंजी खाते मे ले गये।

वही खाता

(पन्ना १)

खाता श्री पूंजी का

११००) रो० प० १ मि० वै० वदी ५	१२९६) बाकी देने रहे
१९६) श्री खरा मुनाफा लाया गया	
१२९६)	१२९६)
१२९६) बाकी देने रहे	

(पन्ना २)

खाता भाई हरजीवनदास घनश्यामदास का

५००) रो० प० १ मि० वै० वदी ५	५००) बाकी देने रहे
५००) बाकी देने रहे	

(पन्ना ३)

खाता श्री माल खाते का

३१५) रो० प० १ मि० वै० वदी ५	४४०) रो० प० १ मि० वै० वदी ५
२३३९) ना० न० प० १ मि० वै० वदी ५	३८८३) ज० नं० प० मि० १ वै० वदी ५
१०००) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५	४३२३)
	२३१) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५
४५५४)	४५५४)

(पन्ना ४)

खाता श्री दूकान खर्च का

३५) खु० न० प० २ मि० वदी ५	३५) रो० प० मि० वै० वदी ५

(पन्ना ५)

खाता श्री जयपुर बैंक का

२५०) बाकी लेने रहे	२५०) रो० प० १ मि० वै० वदी ५
	२५०) बाकी देने रहे

(पन्ना ६)

खाता भाई रामप्रसाद द्वारिकादास का

१६३४) न० प० १ मि० वै० वदि ५	१६३४) बाकी देने रहे
१६३४) बाकी देने रहे	

(पन्ना ७)

खाता भाई जोगीदास कमलापत का

२२४६) ज० न० प० १० मि० वै० वदि ५	२२४६) बाकी देने रहे
२२४६) बाकी देने रहे	

(पन्ना ८)

खाता भाई मानकचन्द गनेशचन्द का

६७६) बाकी लेने रहे	६७६) ना० न० प० १ मि० वै० वदी ५
	६७६) बाकी लेने रहे

(पन्ना ९)

खाता भाई चम्पालाल रंगरूपमल का

१३६३) बाकी लेने रहे	१३६३) ना० न० प० १ मि० वै० वदि ५
	१३६३) बाकी लेने रहे

(पन्ना १०)

खाता श्री फर्नीचर का

२५०) बाकी लेने रहे	२५०) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५
	२५०) बाकी लेने रहे

(पन्ना ११)

खाता भाई दिल्ली फर्नीचर मार्ट का

२५०) खु० न० प० १ मि० वै० वदि ५	२५०) बाकी देने रहे
२५०) बाकी देने रहे	

(पन्ना १२)

खाता श्री मशीनरी का

५००) बाकी लेने रहे	५००) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५
	५००) बाकी लेने रहे

(पन्ना १३)

खाता भाई आगरा मशीनरी मार्ट का

५००) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५	५००) बाकी देने रहे
५००) बाकी देने रहे	

(पन्ना १४)

खाता श्री रहतिया का

१६००) बाकी लेने रहे	१६००) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५
	१६००) बाकी लेने रहे

(पन्ना १५)

नफा नुकसान खाता

२३१) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५	३५) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५
	१९६) खु० न० प० १ मि० वै० वदी ५
२३१)	२३१)

चिट्ठा लाला दीनानाथ दीनदयाल का मिति वैसाख वदी ५ सम्वत् २००८

१२९६) श्री पूंजी	११९०) श्री रोकड़ बाकी
५००) हरजीवनदास घनश्यामदास	१६००) श्री रेहतिया-
१६३४) रामप्रसाद द्वारकाप्रसाद	२५०) श्री जयपुर बैंक
२२४९) जोगीदास कमलापत	६७६) मानकचन्द गनेशचन्द
२५०) दिल्ली फर्नीचर मार्ट	२५०) श्री फर्नीचर
५००) आगरा मशीनरी मार्ट	१३६०) रंगरूमल
	५००) श्री मशीनरी
६४२९)	६४२९)

अन्तिम और समायोजन के लेखे

(Closing and Adjusting Entries)

जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है माल खाता व हानि लाभ सम्बन्धी खातों को बन्द करने के [illegible] समायोजन की प्रविष्टियों के लिये [illegible] के द्वारा किये जाते हैं। अब एक उदाहरण [illegible] समझाया जायेगा।

Example 100. Following is the Trial Balance of Messrs [illegible] their books on Mahajani System as on Chait Sud 15 Samvat [illegible].

Rs.		Rs.	
11,000	Shri Punji Khata	13,500	Shri Jaipur Bank
375	Ram Raj Ram Gopal	5,000	Shri Makan Khata
1,125	Meg Raj Mool Chand	500	Shri Furniture Khata
500	Commission	1,200	Shri Dukan Kharach Khata
3,000	Hundis	300	Shri Biyaj Khata
7,000	Shri Mal Khata	2,000	Mool Chand Sajjan Mal
		500	Shri Rokar Baki
23,000		23,000	

The following matters have to be taken into consideration before preparing the final accounts.

(1) Stock in Hand was worth Rs. 3,000
(2) Provide Depreciation on Furniture @ 10% and on Buildings @ 2½%
(3) Interest is due to Megraj Moolchand Rs. 300
(4) Salary of the Muneem, Shri Radhey Lal, for the whole year Rs. 1,200, has not yet been paid.

Record the above adjustments in Khudra Nakal Bahi and then prepare the Final Accounts.

उदाहरण 100.

मैसर्स धनराज रूपराज, जो अपना हिसाब महाजनी बही खाते के अनुसार, रखते है, का तलपट चैत सुदी १५ संवत् २००६ को इस प्रकार है:—

तलपट

	रु०		रु०
श्री पूंजी खाता	११,०००	श्री जयपुर बैंक	१३,५००
रामराज रामगोपाल	३७५	,, मकान खाता	५,०००
मेघराज मूलचन्द	१,१२५	,, फर्नीचर खाता	५००
कमीशन	५००	,, दुकान खर्च खाता	१,२००
हुण्डी	३,०००	,, व्याज खाता	३००
श्री माल खाता	७,०००	,, मूलचन्द सज्जनमल	२,०००
		,, रोकड़ खाता	५००
	२३,०००		२३,०००

अन्तिम खातों को तैयार करने से पूर्व निम्न बातों को ध्यान में रखिये :—

(१) अन्तिम स्टाक ३०००)
(२) ह्रास:—फर्नीचर १०%, मकान २½%
(३) मेघराज मूलचन्द को ३००) व्याज देना है।
(४) राधेलाल मुनीम का वेतन १२००) पूरे साल का नही चुकाया गया है।

उपरोक्त समायोजनों को जमा नकल बही मे लिखिये और अन्तिम खाते तैयार कीजिये।

Solution

खुदरा नकल बही

पन्ना ५०१

श्री लक्ष्मीजी सदा सहाय रहें । श्री चैत सुदी १५ संवत् २००६

३०००) श्री माल खाते के जमा
        ३०००) रहतिया खाते के नाम
                ३०००) रहतिये की कीमत ब्यौरा माल बही से

---

५०) फरनीचर खाते का जमा
१२५) मकान खाते का जमा
        १७५) घटौती खाते के नाम
                १७५) फर्नीचर पर १०% व मकान पर २% से घटौती लिखी गई
                        ५०)   १२५)

३००) भाई मगराज मूलचन्द का जमा
        ३००) ब्याज खाते के नाम
                ३००) ब्याज के हिसाब का

१२००) राधेलालजी का जमा
        १२००) वेतन खाते के नाम
                १२००) वेतन मास १२ का देना रहा

१००००) नफा नुकसान खाते जमा
        १००००) श्री माल खाते के नाम
                १००००) कच्चा लाभ नफा नुकसान खाते में लेजाया गया

१२००) श्री दुकान खर्च खाते के जमा
६००) श्री ब्याज खाते के जमा
१७५) श्री घटौती खाते के जमा
१२००) श्री वेतन खाते के जमा
        ३१७५) नफा नुकसान खाते के नाम
                १२००) दुकान खर्च खाते की बाकी नफा नुकसान खाते में ले जाई गई
                ६००) ब्याज खाते की बाकी नफा नुकसान खाते में ले जाई गई
                १७५) घटौती खाते की बाकी नफा नुकसान खाते में ले जाई गई
                १२००) वेतन खाते की बाकी नफा नुकसान खाते में ले जाई गई
                ३१७५)

---

५००) नफा नुकसान खाते के जमा
        ५००) कमीशन खाते के नाम
                ५००) कमीशन खाते की बाकी नफा नुकसान खाते में ले जाई गई

७३२५) श्री पूंजी खाते के जमा

७३२५) नफा नुकसान खाते के नाम

७३२५) नफा नुकसान खाते की बाकी पूंजी खाते मे ले जाई गई।

खाता बही

श्री नफा-नुकसान खाता सम्वत् २००६ का चैत सुदी १५ तक का

१००००) खु० नकल वही पन्ना ५०१ मिती चैत सुदी १५	१२००) खु० नकल वही पन्ना ५०१ मिति चैत सुदी १५
५००) खु० नकल वही पन्ना ५०१ मिति चैत सुदी १५	६००) खु० नकल वही पन्ना ५०१ मिति चैत सुदी १५
	१७५) खु० नकल वही पन्ना ५०१ मिति चैत सुदी १५
	१२००) खु० नकल वही पन्ना ५०१ मिति चैत सुदी १५
	७३२५) खु० नकल वही पन्ना ५०१ मिति चैत सुदी १५
१०५००)	१०५००)

चिट्ठा धनराज रूपराज का सं० २००६ का चैत सुदी १५

१८३२५) श्री पूंजी	१३५००) जयपुर बैंक
३७५) भाई रामराज रामगोपाल	४८७५) मकान खाता
१४२५) भाई मगराज मूलचन्द	४५०) फर्नीचर खाता
१४२५) हुण्डी खाता	२०००) भाई मूलचन्द सज्जनमल
१२००) राधेश्यामजी	५००) रोकड बाकी
	३०००) रहतिया
२४३२५)	२४३२५)

नोट :—उपरोक्त तरीके से नफा नुकसान खाता तभी बनाया जाता है जब कि अन्तिम लेखे खुदरा नकल वही के द्वारा किये जायं। परीक्षा के दृष्टिकोण से यह तरीका उपयोगी नही है।

Example 101. The following particulars are extracted from the Bahis of Messrs. Pindidas Gutrumal for the year ending Paus Sudi 11, Samvat 2006 :—

	Rs		Rs.
Capital	18,000	Cash in Hand	1,400
Stock	2,700	Cash at Bank	8,610
Bills Payable	4,827	Buildings	5,290
Sundry Creditors	7,581	Commission (Cr.)	390
Sundry Debtors	8,100	Insurance	119
Bills Receivable	3,291	Postage	132
Sales	12,439	Discount (Cr)	627
Purchases	10,492	Salaries	1,400
Returns Inwards	1,000	Carriage	400
Returns Outwards	1,200	Wages	2,130

The stock of goods at the close of the year was valued at Rs 7,929. Allow 5% interest on capital and make a reserve of 5% for bad and doubtful debts on Sundry Debtors.

You are required to prepare, in proper form, the Mal Khata and the Labh-Hani Khata of the firm for the year and the Chittha as on the date of closing the accounts.

और डेबिट की रकमें खाता वही में क्रेडिट की तरफ लिखी जाती हैं ।

(१२) भारतीय पद्धति में खतौनी करते समय खाते में रकम, तिथि और रोकड़ या नकल का पन्ना लिखा जाता है पर उस लेन देन का पूरा लेखा कौन-से खाते मे किया गया है यह नही लिखा जाता । इसलिये अगर यह जानना हो कि वह लेखा क्यों किया गया है तो खाते से उसका पता नही लग सकता और रोकड़ वही या नकल वही देखनी पड़ती है । अंग्रेजी पद्धति में दूसरे खाते का नाम भी लिखा जाता है जिससे प्रत्येक लेन-देन का स्वभाव जाना जा सकता है ।

(१३) भारतीय पद्धति में सम्पत्ति और ऋण चिट्ठे के उस तरफ ही लिखे जाते हैं जिस तरफ कि उनके खातों के शेष हैं । पर अंग्रेजी पद्धति में इसके विपरीत पक्ष में लिखा जाता है ।

(१४) अंग्रेजी पद्धति में प्रत्येक खर्चे के लिये अलग-अलग खाता खोला जाता है पर भारतीय पद्धति मे साधारणतया ये सब खर्चे एक ही खाते मे, जिसे 'दुकान खर्च खाता' कहते है, डाल दिये जाते हैं ।

(१५) भारतीय पद्धति में प्रायः व्यापार खाता (Trading Account) नहीं बनाया जाता—केवल नफा नुकसान खाता ही बनाया जाता है पर अंग्रेजी पद्धति में प्रायः दोनों खाते बनाये जाते हैं ।

(१६) भारतीय पद्धति में केवल एक ही स्याही का प्रयोग किया जाता पर अंग्रेजी पद्धति में बैलेंस इत्यादि को लिखने के लिये दूसरे ढङ्ग की स्याही, अधिकतर लाल स्याही, का प्रयोग किया जाता है ।

(१७) अंग्रेजी पद्धति में लेखा करने के पहले डेबिट की तरफ 'To' और क्रेडिट की तरफ 'By' लिखा जाता है पर भारतीय पद्धति में लेखा करने के बाद में 'जमा' और 'नाम' लिखा जाता है ।

(१८) अंग्रेजी पद्धति में जर्नल मे लेखा करते समय पहले डेबिट का लेखा किया जाता है और बाद मे क्रेडिट का । भारतीय पद्धति में नकल बही में (जिसमें जर्नल जैसे लेखे ही किये जाते है) जमा का लेखा भी पहले किया जा सकता है और नाम का भी ।

(१९) अंग्रेजी पद्धति में अधिक सूचना सविभाग पद्धति (Columnar System) से बहियां रखकर प्राप्त की जा सकती है पर भारतीय पद्धति में ऐसा कोई साधन नहीं है ।

(२०) अंग्रेजी पद्धति में बड़े व्यापारगृहो में जहां कि एक से अधिक खाता बहियों का प्रयोग किया जाता है, अशुद्धियों को सरलता से खोज निकालने के लिये स्वकीय संतुलन पद्धति (Self-Balancing System) को अपनाया जा सकता है पर भारतीय पद्धति में ऐसा कोई साधन नहीं है ।

(२१) खरा नफा या नुकसान मालूम करते समय भारतीय पद्धति में बकाया खर्चे, आगूंच दिये गये खर्चे अप्राप्त आय, बट्टा कोष, घटौती इत्यादि पर प्रायः ध्यान नहीं दिया जाता पर अंग्रेजी पद्धति में इन सब पर ध्यान दिया जाता है ।

(२२) भारतीय पद्धति में प्रत्येक देनदार और लेनदार को चिट्ठे में अलग-अलग बताया जाता है पर अंग्रेजी पद्धति में इन सबों का योग दिखाया जाता है ।

(२३) चिट्ठे में ऋण और सम्पत्ति अंग्रेजी पद्धति में किसी एक क्रम के अनुसार दिखाये जाते हैं पर भारतीय पद्धति में बिना किसी विशेष क्रम के दिखाये जाते हैं ।

भारतीय पद्धति के गुण

(Merits of Indian System)

अगर बही खाता रखने की भारतीय पद्धति की तुलना अंग्रेजी पद्धति के साथ की जाय तो भारतीय पद्धति के मुख्य गुण दृष्टिगोचर होंगे और वे हैं इसकी सरलता, कम खर्चीलापन और लचीलापन । यही कारण है कि अंग्रेजी

पद्धति को भारत मे अंग्रजी शासन काल मे नाना प्रकार के प्रोत्साहन मिलने पर भी भारतीय पद्धति को नष्ट न कर सकी और आज भी अधिकाश व्यापारी अपने वही खाते भारतीय पद्धति पर ही रखते हैं। इस पद्धति की सरलता, कम खर्चीलापन और लचीलापन निम्न कारणो से है:—

(१) भारतीय पद्धति मे लेन-देनो का लेखा करने के लिये बहियो का प्रयोग किया जाता है और अंग्रेजी पद्धति मे जिल्द बधे हुये रजिस्टरों का। वहियें रजिस्टरो की अपेक्षा बहुत सस्ती होती है वे मजबूती मे भी रजिस्टरो की अपेक्षा अधिक मजबूत होती है। प्रायः देखा जाता है कि रजिस्टरो के पन्ने ढीले पड जाते है पर बहियो के पन्ने ढीले नही पड़ते। रजिस्टरो के पन्नो मे लाइने खीचना या लाइने खिचे हुये पन्नो का प्रयोग करना आवश्यक होता है पर बहियों में तो सादे कागजो का ही प्रयोग करना पडता है। उनमे मोड डालने से खानो का सा कार्य निकल जाता है।

(२) भारतीय पद्धति मे प्रारम्भिक लेखे की बहियो से खाता वही मे खतौनी करते समय लेखा उसी पक्ष मे किया जाता है जिस पक्ष मे लेखा प्रारम्भिक वहियो मे किया गया है। इस प्रकार खतौनी करना बहुत सरल है और इसे कोई भी व्यक्ति, जिसे साधारण ज्ञान है, कर सकता है पर अंग्रेजी पद्धति मे खतौनी विपरीत पक्ष मे की जाती है और इसलिये जब तक कोई विशेष ज्ञान वाले व्यक्ति को खतौनी करने के लिये नियुक्त नही किया जाय, अशुद्धियों के होने की बहुत सम्भावनायें रहती हैं।

(३) भारतीय पद्धति मे खतौनी करते समय खाते मे रकम, रोकड बही या नकल वही की पृष्ठ संख्या और मिती ही लिखी जाती हैं। विपरीत लेखा किये जाने वाले खाते का नाम नही लिखा जाता जैसा कि अंग्रेजी पद्धति मे किया जाता है। इसलिये भारतीय पद्धति मे खतौनी शीघ्र की जा सकती है।

(४) भारतीय पद्धति के अनुसार बही खाता रखने वाले छोटे व्यापारियो के लिये प्रारम्भिक लेखे की केवल एक ही वही अर्थात् रोकड बही रखना ही पर्याप्त होता है पर अंग्रेजी पद्धति मे केवल रोकड़ वही पर्याप्त नही होती है क्योंकि उसमे उधार के लेन देनो का लेखा नही किया जा सकता। अंग्रेजी पद्धति में बहियो का रखना व्यापार की स्थिति पर निर्भर नही करता है।

(५) भारतीय पद्धति मे लचीलापन होने के कारण इसे सुगमता के साथ परिस्थिति के अनुकूल बनाया जा सकता है। अंग्रेजी पद्धति मे स्थाई नियम हैं और उनका पालन प्रत्येक अवस्था मे करना पडता है चाहे व्यापार छोटा हो या बडा। जैसे खर्चो के लिये अलग अलग खाते खोलने ही पडते है चाहे व्यापार छोटा हो या बड़ा। भारतीय पद्धति मे सब प्रकार के खर्चो के लिये केवल एक खाता—'दुकान खर्च खाता' ही खोला जाता है। अगर कम कीमत की स्थाई सम्पत्ति खरीदी जाती है तो उसे भी दुकान खर्च खाते मे लिख दी जाती है। पर अंग्रेजी पद्धति मे तो उसके नाम से सम्पत्ति खाता खोला जायेगा और वर्ष प्रतिवर्ष उसके जीवन काल तक घटौती लिखी जायगी।

(३) भारतीय पद्धति मे प्रत्येक क्रय विक्रय, लेन देन, चिट्ठियो, हुंडियो इत्यादि का पूरा व्यौरा वहियो मे रख लिया जाता है। इसलिये प्रमाणपत्रों (Vouchers) इत्यादि को सुरक्षित रखने या फाइल करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। अंग्रेजी पद्धति मे प्रमाणपत्रो, चिट्ठियो हुंडियो इत्यादि को सुरक्षित रखना आवश्यक होता है और इसलिये कोई न कोई फाईलिंग की पद्धति अपनानी पड़ती है जिसको रखने मे खर्चा करना पड़ता है।

भारतीय पद्धति के दोष और उनका निवारण
(Demerits of Indian System and their Remedies)

कुछ लोगो की यह धारणा है कि वही खाते रखने की भारतीय प्रणाली अवैज्ञानिक है तथा इसे केवल छोटे व्यापारगृहो मे ही प्रयोग मे लाया जा सकता है। उनकी यह भी धारणा है कि इसके अनुसार रखे गये वही खातों से जो परिणाम निकाले जाते है वे अशुद्ध और अविश्वासनीय होते है और इसलिये यह पद्धति आधुनिक युग के अनुकूल नहीं है। वास्तव मे देखा जाय तो इन विचारो में तथ्य बहुत कम है।

भारतीय प्रणाली में लेन देनों का लेखा सबसे पहले प्रारम्भिक लेखे की वहियों में किया जाता है फिर उनका खाता वही में वर्गीकरण और संग्रह किया जाता है और अन्त में उनका सारांश नफा-नुकसान खाते और चिट्ठे के रूप मे बनाया जाता है। अंग्रेजी पद्धति में भी, जो कि आधुनिक, वैज्ञानिक और सर्वगुण सम्पन्न कही जाती है, लेखो का विभाजन, इन्हीं तीनों श्रेणियों मे किया जाता है। इसलिये जहां तक मौलिक सिद्धान्तों का प्रश्न है दोनों प्रणालियें एक सी ही है और इसलिये यह कहना कि भारतीय पद्धति अवैज्ञानिक है, ठीक प्रतीत नही होता। पर इसके कार्य संचालन मे कुछ दोष अवश्य है जिनके कारण यह आधुनिक और समयानुकूल नही कहलाई जा सकती। ये दोष निम्नलिखित है :—

(१) रोकड़ वही में नकद और उधार दोनों के लेन देन लिखे जाते हैं। आज के युग में उधार के लेन-देनों की भी संख्या बहुत होती है। इसलिये उधार के लेन-देनो का लेखा करने के लिए नकल वही का ही प्रयोग करना चाहिये और रोकड़ वही में केवल रोकड के लेन-देन ही लिखे जाने चाहियें।

(२) भारतीय पद्धति मे हुण्डियो के क्रय विक्रय का लेखा रोकड वही मे किया जाता है। हुण्डी वही में केवल उनका व्यौरा लिखा जाता है और इस प्रकार हुण्डी वही केवल 'स्मृति वही' है न कि प्रारम्भिक लेख की वही जिस प्रकार कि अंग्रेजी पद्धति मे देय बिल वही और लेय बिल वही होती है। इस दोष का निवारण करने के लिए हुण्डी बहियों को देय बिल बही और लेय बिल वही की भांति ही रखना चाहिये जिससे कि वे प्रारम्भिक लेखे की वहियां हो सकें।

(३) भारतीय पद्धति में क्रय वापसी वही और विक्रय वापिसी वहियें नहीं रखी जाती। इसलिये ऐसी वहियें रखी जानी चाहियें।

(४) भारतीय पद्धति में अंग्रेजी पद्धति की तरह जर्नल (जिसे खुदरा नकल वही) कहते है नही रखी जाती और इसलिये जर्नल में किये जाने वाले लेखे जैसे उधार पर खरीदी गई स्थाई सम्पत्ति के लेखे, डूबत ... के लेखे, अन्तिम लेखे, प्रारम्भिक-लेखे इत्यादि या तो रोकड़ वही मे या जमा नकल वही में किये जाते हैं। यह ठी... नहीं है। इन लेखों को करने के लिए खुदरा नकल वही का प्रयोग किया जाना चाहिये।

(५) भारतीय पद्धति में सव प्रकार के खर्चों का लेखा प्रायः एक ही खाते में, जिसे दुकान खर्च खाता ... जाता है, किया जाता है। इस कारण एक वर्ष में भिन्न भिन्न मदों पर किये गये खर्चो की अलग अलग तुलना अन्य ... मे किये गये खर्चो से नही की जा सकती। इसलिये एक खर्च खाते के स्थान पर प्रत्येक खर्चे के लिए अलग ... खाते खोले जाने चाहिये।

(६) भारतीय पद्धति में पूंजीगत खर्चो और रेवेन्यूगत खर्चो मे प्राय अन्तर नही रखा जाता है ... खरा नफा या नुकसान नही जाना जा सकता। इसलिये इन खर्चों मे अन्तर रखा जाना चाहिये।

(७) इस पद्धति में स्थाई सम्पत्ति के घटांती का प्रवन्ध नही किया जाता और न डूबत खाते का ही रखा जाता है। यह प्रबन्ध किया जाना चाहिये।

(८) इसमे बकाया खर्चे, व्याज, अप्राप्त आय, आगूंच दिये हुए खर्चे इत्यादि का लेखा अन्तिम बनाते समय नही किया जाता। शुद्ध परिणाम जानने के लिये इन लेखो का करना आवश्यक होता है और लिये ऐसे लेखे किये जाने चाहिये।

(९) भारतीय पद्धति के अन्तर्गत व्यापार खाता (Trading Account) प्रायः नही बनाया जिसका बनाना आवश्यक है। अलग व्यापार खाता न बनाकर माल खाते को भी कच्चा नफा नुकसान ज्ञात ... लिये प्रयोग मे लाया जा सकता है यदि माल की खरीद से सम्बन्धित सभी खर्चे भी उसी में ले जाये जा सकें

(१०) चिट्ठे में ऋण और सम्पत्ति किसी एक विशेष क्रम मे नहीं दिखाये जाते और समस्त देन... लेनदारो के नाम लिखे जाते है जिससे चिट्ठा एक बहुत लम्बा चौड़ा विवरण-पत्र बन जाता है जिसे देखकर ... की आर्थिक स्थिति का शीघ्रता से पता नही लगाया जा सकता। चिट्ठे को बोधगम्य बनाने के लिये आ... सम्पत्ति और ऋणो को किसी एक क्रम मे जमाया जाय और देनदारो और लेनदारों की कुल रकम का योग ही

अगर दोषों को दूर करने के लिये बताये गये उपरोक्त सुझावों को क्रियान्वित किया जाय तो भारतीय प्रणाली भी आधुनिक आवश्यकताओं के अनुकूल हो जायेगी। इस प्रकार यह भारतीयों के लिये सर्वोत्तम प्रणाली हो जायगी और जो परिणाम निकाले जायेंगे वे अधिक शुद्ध और विश्वासनीय होंगे।

Questions (प्रश्न)

1. Name and describe briefly the main books of original record used under the Indian System of Accountancy.
   बही खाते की भारतीय पद्धति के अन्तर्गत प्रयोग में लाई जाने वाली प्रारम्भिक लेखे की मुख्य-मुख्य बहियों के नाम बताइये और संक्षेप में उनका वर्णन करिये।
2. A trader has decided to keep his accounts on the Indian System of Book-keeping. Explain breifly the nature and use of various Bahis he keep.
   एक व्यापारी ने अपना हिसाब-किताब बही खाता रखने की भारतीय पद्धति के अनुसार रखने का निश्चय किया है। उसे कौन-कौन सी बहिया रखनी होंगी और उनका प्रयोजन क्या होगा ?
3. Describe briefly how the accounts of a retail book-seller may be kept according to the Indian System of Book-keeping ?
   एक फुटकर पुस्तक-विक्रेता का हिसाब बही खाता की भारतीय प्रणाली के अनुसार किस प्रकार रखा जायेगा, संक्षेप में वर्णन करिये।
4. What is the difference between Kachchi Rokar Bahi and Pakki Rokar Bahi ? Illustrate your answer by means of imaginary entries in the two Bahis.
   कच्ची रोकड़ वही और पक्की रोकड वही में क्या अन्तर है ? दोनों में काल्पनिक लेखे करके अपने उत्तर को दर्शाइये।
5. Give a specimen page of Kachchi Rokar Bahi entering therein half-a dozen transactions
   कच्ची रोकड़ वही का नमूने के तौर पर एक पन्ना दीजिये और उसमे आधा दर्जन लेन-देन लिखिये।
6. Describe briefly the nature and use of Nakal Bahi. What are its divisions ? Give a specimen page of them recording two transactions in each.
   नकल वही के स्वभाव और प्रयोग का संक्षेप में वर्णन करिये। इसका विभाजन बताइये। प्रत्येक का नमूने के तौर पर एक-एक पन्ना दीजिये और उनमे दो-दो लेन-देनों का लेखा करिये।
7. Apart from the usual Bahis of accounts, what other Bahis are employed in a large business house ? Describe them briefly.
   साधारणतया प्रयोग मे आने वाली बहियों के अतिरिक्त एक बड़े व्यापार-गृह में अन्य कौन-कौन सी बहियों का प्रयोग किया जाता है ? इनका वर्णन संक्षेप मे करिये।
8. Compare and contrast the Indian and the so called English System of Accounting.
   भारतीय वही खाता पद्धति और अंग्रेजी वही खाता पद्धति की तुलना कीजिये और भिन्नता बताइये।
9. Do you think that the Indian System of accounts is in any way simpler than the English System ? If so how ?
   क्या आप यह सोचते है कि भारतीय बही खाता प्रणाली अंग्रेजी वही खाता प्रणाली की अपेक्षा सरल है ? अगर हां, तो कैसे ?
10. There is a section of people who think that Indian System of Accountancy is unscientific, that it can be applied in cases of small firms only, that results obtained from accounts kept under this system are inaccurate and unreliable. Do you also hold this view ? Give reasons in support of your answer.
   कुछ लोगों की यह धारणा है कि भारतीय बहीखाता प्रणाली अवैज्ञानिक है, इसका प्रयोग केवल छोटे व्यापारगृहों द्वारा ही किया जा सकता है और इस पद्धति के अन्तर्गत रखे गये हिसाब के परिणाम अशुद्ध और अविश्वासनीय होते हैं। क्या आपकी भी यही धारणा है ? अपने उत्तर के पक्ष में कारण दीजिये।

11. In principle the Hindustani System of accountancy is just the same as the English System, but in actual practice it lacks in many respects. Suggest what measures should be adopted to bring it in line with the English system so that it may be adopted by any type of business without the least disadvantage.

सैद्धान्तिक रूप में वही खाता की भारतीय प्रणाली ठीक अंग्रेजी पद्धति की तरह ही है पर व्यवहार मे इसमें कई कमियें हैं । इसको अंग्रेजी पद्धति के समान बनाने के लिये, जिससे कि बिना किसी दोष के यह किसी भी व्यापारगृह द्वारा अपनाई जा सके, अपने सुझाव दीजिये ।

12. What are Chittha and Nafa Nuksan Khatas ? Hom are they prepared ?
चिट्ठा और नफा-नुकसान खाता क्या है ? ये किस प्रकार बनाये जाते हैं ?

13. Enter the following transactions of Messrs Ganpat Rai Dhanpat Rai on Sav Badi 12, 2001, in the Rokar Bahi :—

Cash in hand Rs. 526-62 nP.
Purchased 15 thans Chhint @ Rs. 22-50 nP. per than.
Sold 40 thans of Lattha @ Rs. 18-25 nP. per than to Ramji Mal Jiwanlal on cr
Purchased stationery and paper Rs. 3.
Paid shop rent for one month to Dhani Ram Rs. 45.
Sold 25 pairs of Dhoties @ Rs. 6-50 nP. per pair to Jawaharlal Jwala Pra

(Ans.—Cash in Hand Rs. 141-12 nP.)

14. Below are given the transactions of a merchant which took place on Tuesda March 1956, Miti Phalgun Sudi 6, Samvat 2012. Enter them in the Rokar Bahi.

	Rs.
Cash in hand	2624
Received Cash from Hiralal Mohanlal through Hari Ram	840
Paid Santram Santokram Cash through Gopi	2341
Sold for Cash—	
20 pieces Longcloth at Rs. 10 per piece	
5 pieces Silk at Rs. 100 per piece.	
Bought for cash from Ram Das Hari Ram 40 pieces of Long cloth D/1 at R per piece.	
Paid cash for Coolie hire	
Paid Jagdeesh Prasad for rent	1C

(Ans.—Cash in hand Rs. 1343-08 nP.)

15. Enter the following transactions of Messrs Jaipuria Bros. in Ro Savan Badi 12, Samvat 2012:—

Cash in hand
Purchased 50 thans of Grey Gloth @ Rs. 10 each
Paid Carriage on the above
Purchased 40 thans of White Silk at Rs. 20 per than from Bhagwan D
Sold 25 pairs of Dhoties to Ram Prashad @ Rs. 8 per pair on credit
Sold 20 thans of Grey Cloth @ Rs. 12 each
Paid Rent to Ramji Lal

(Ans.—Cash In hand Rs. 1752—04 nP.)

16. Messrs. Raja Ram Mohan Saran, cloth merchants of Allahabad, keep their accounts according to Hindustani System of accounting. The following are their transactions for miti Paus Badi 5, Samvat 2012, February 1, 1956 You are required to write up their Rokar bahi for that date and to balance the same .—

		Rs.
(i)	Shree Rokar Bajee	775
(ii)	Sold goods to—	
	Rameshwar Dass	570
	Gaja Nand Anand Prakash	618
(iii)	Bought Goods from Mulik & Co.	1,400
(iv)	Bought office furniture from Ideal Furniture House	350
(v)	Paid for Stationery	52
(vi)	Cash Sales during the day	1,482
(vii)	Sent to Allahabad Bank Ltd.	2,000
(viii)	Paid rent for the month of Mangsir to Rama Nand	25
(ix)	Sold rice 250 maunds received on consignment from M/s Narain Dass & Sons @ Rs. 40 per md.: charged Arat at 1% and paid Rs. 5 as weighment charges and Rs. 15 as Carriage Charges on their behalf.	

(Ans:-Cash in hand Rs. 10,160)

Q. 17. Gopal Das Devi Ram, Bullion Merchants of Delhi, keep their accounts according to the the Bahi Khata System. Enter in the appropriate Bahis of original entry the following transactions relating to the year ending Divali Samwat 2013 :—

Mangsir	Badi	7	Bought from Gopal Bros. & Co., of Bombay 500 tolas of gold at Rs. 50-75nP.
„	Sudi	12	Sold for cash 2,500 tolas of Silver at 64-10 nP
Poh	Sudi	2.	Borrowed from Ganeshilal Rs. 5,000 by means of a 61 days' miti hundi at 75 nP. per cent interest (Payment was received after deduction of interest)
Phagan	Badi	9.	Sold to Ratanlal 200 tolas of gold at Rs. 54-15 nP.
„	Sudi	3.	Paid Hundi due this day.
„	„	„	Paid Income tax Rs. 1 250- 25 nP.
Baisakh	Badi	5.	Purchased an iron safe Rs. 350.
Asadh	Sudi	11	Received from Ratanlal 50 nP. in the rupee, the balance being written off as a bad debt.

Q. 18. The following are the particulars about the firm of Messrs Surya Prakash Chandra Prakash for the year ended Miti Asoj Sudi 1, Samvat 2004:—

	Rs.		Rs
Opening Balance of Stock of goods	5,270	Interest Received	270
Purchases	21,680	Interest Paid	420
Sales	27,400	Buildings	6,000
Travelling Expenses	500	Furniture	200
Salaries	2,000	Sundry Debtors	3,250
Carriage on Purchases	600	Sundry Creditors	2,100
Cash in Hand	2,750	Capital	13,705
		Sundry Expenses	805

Stock of goods at the close of the year was valued at Rs. 6,075. Three months Salary at Rs. 75 per month is due and outstanding to L. Devi Chandra, the Head Accountant of the firm

You are required to prepare in proper form the Mal Khata and Nafa Nuksan Khata of the firm for the year and then Chittha as on Miti Asoj Sudi 1, Samvat 2004.

(Ans.—Kachcha Labh Rs. 5,925, Khata Labh Rs. 2,245, and Total of Chittha Rs. 18,275.)

Q. 19. From the following transactions of the business of Mahaveer Chand for a fortnight prepare Rokar and Nakal and then post into the Khata Bahi and extract a Talpat:—

On Chait Sudhi	1.	He started business with Rs. 2,000.
,,	3.	Purchased goods for cash Rs. 1,000.
,,	4.	Purchased goods from Jeewan Lal worth Rs. 1,580.
,,	8.	Purchased an iron safe for Rs. 190.
,,	8.	Cash Sales Rs. 2,600.
,,	9.	Opened an account with Rajasthan Bank and deposited Rs. 2,000.
,,	9.	Sold goods to Seeta Ram Rs. 641.
,,	12.	Purchased goods from Sobha Ram Rs. 1,280.
,,	13.	Received from Seeta Ram Rs 600.
,,	13.	Paid for Sundry Expenses Rs. 60.

(Ans:—Cash Book Balance Rs. 1,950 and total of Trial Balance Rs. 4,860)

Q. 20. Prepare Kachhi Rokar Bahi and Pakki Rokar Bahi from the following Cash transactions of the business of Bhairu Lal Govind Lal :—

			Rs.	nP.				Rs.	nP.
Jeth Badi	1.	Cash Balance	5,000	00	Jeth Sudi	4.	Received from Hari & Co.	200	00
,,	8.	Cash purchase	1,467	37	,,	5.	Cash purchases	1,657	50
,,	12.	Cash Sales	1,310	75	,,	6.	Paid to Ramesh	272	00
,,	13.	Paid to Jamnadas	782	00	,,	7.	Cash sales	255	75
,,	14.	Received from Gopilal	148	00	,,	8.	Paid wages	170	00
,,	14.	Cash purchases from Ganeshmal	572	50	,,	10.	Paid Salary to Hari Parsad	225	00
Jeth Sudi	1.	Paid to Ramesh	298	00	,,	12.	Purchased stationery	23	37
,,	2.	Paid to Jamnadas	650	00	,,	13.	Cash Sales	307	37
,,	3.	Cash Sales	1,430	50	,,	15.	Petty Expenses	12	19
,,	3.	Received commission	50	00	,,	15.	Postage	6	56

(Ans:-Cash in hand Rs. 2,565-88 nP.)

Q. 21. Messrs. Gopi Kishan Rama Kishan maintain their books of accounts on Mahajani system of Book-keeping. Following balances appear in their books of accounts as on Kartik Badi 15 S. Y. 2010 :—

	Rs.		Rs.
Purchases	15,000	Sales Returns	100
Sales	17,900	Carriage Inwards	200
Travelling Expenses	700	Opening Stock	3,300
Wages	600	Charity	300
Salaries of Muneems	700	Bank Balance	200
Petty shop Expenses	320	Cash in hand	2,500
Buildings	5,000	Advertisment	200
Interest paid	200	Drawings	2,000
Furniture	1,500	Sundry Creditors	3,000
Sundry Debtors	5,000	Capital	17,220

Closing stock was valued at Rs. 7,000. Rent at the rate of Rs. 25 per month remained unpaid for the whole year. Petty Shop Expenses included Rs. 100 being the Fire Insurance Premium paid for one year on and from Baishakh Badi 15th last.

You are required to prepare in proper form Mal Khata and Nafa Nuksan Khata of the firm for the year and Chittha as on Kartik Badi 15 S. Y. 2010.

(Ans:-Kachcha Labh Rs. 5,400; Khara Labh Rs. 2,730, and the totals of Chittha Rs. 21,250)

अध्याय १४

चालू हिसाब और मध्यम भुगतान तिथि

(Account Current and Average Due Date)

चालू हिसाब (Account Current)

जहा व्यापार नकद से होता है वहा व्यक्तियो का हिसाब रखने की सुविधा दूर हो जाती है परन्तु उधार के व्यापार में उनका हिसाब रखा जाता है। इस हिसाब में प्राय: ब्याज दिया और लिया जाता है। किसी भी व्यक्ति का वह हिसाब जिसमें दोनों पक्षो के लेन-देनो की नकल होती है और जिसमें ब्याज लगाया हुआ होता है वह चालू हिसाब कहलाता है। समय-समय पर लोगों को चालू हिसाब (Account Current) भेजकर रुपया चुकाने का तकाजा भी किया जाता है। यह हिसाब साझेदारों (Partners), प्रतिनिधि (Agent) और प्रधान (Principal), दो व्यापारियो अथवा बैंक और उसके ग्राहक के बीच हुये लेन-देनों से तैयार किया जाता है। यह साधारण खाते की तरह ही तैयार किया जाता है और किसी एक पक्ष का दूसरे पक्ष की बहियो में रखे गये खाते की नकल होता है। चालू हिसाब में खाते के दोनो तरफ दो-दो खाने और होते हैं। एक खाने में तो भुगतान की तिथि से ब्याज निकालने की तिथि तक के दिन लिखे जाते हैं और दूसरे खाने में ब्याज अथवा इससे सम्बन्धित अन्य रकम लिखी जाती है। यह एक विशेष तिथि को तैयार किया जाता है और इसमें उस विशेष तिथि तक का दोनो ओर Debit व Credit का ब्याज लगा हुआ होता है।

इस हिसाब के शीर्षक मे दोनो पक्षो का नाम अर्थात् जो हिसाब बनाता है और जिसका हिसाब बनाया जाता है, लिखा होता है। प्रथम जिसका हिसाब बनाया जाता है उसका नाम और बाद में बनाने वाले का नाम होता है जैसे

'Shri Hari Ram in Account Current With Ram Prasad'

इसमें रामप्रसाद हिसाब तैयार करने वाला और भेजने वाला है और हरीराम का हिसाब तैयार किया गया है।

ब्याज लगाना:— ब्याज बहुधा दोनो तरफ की हरएक रकम पर एक निश्चित दर के अनुसार लेन-देन की तिथि से हिसाब बनाने की तिथि तक लगाया जाता है और ब्याज की रकम मूलधन के खाने में दिखाई जाती है। ब्याज फैलाने की निम्नलिखित रीतिया प्रचलित हैं:—

